अस्यार्थस्तावन्निरूप्यते । ग्राम्यनागरवरयोर्ग्राम्ये साभिलाषां सुन्दरीं विदग्धा सखी निन्दागर्भस्तुत्या ततो निवारयन्ती कथयति—हे सुन्दरि ! सौन्दर्य-ज्ञानमिज्ञं ग्राम्यं वृतवत्यास्तव सौन्दर्यं निष्फलमेव भविष्यतीति संबोधनपदेन बोध्यते । ग्राम्यजनो ग्रामीणो जनः, अल्पव्ययेन—सुलभतया स्वल्पव्ययेन, मिष्टम्—मधुरं भोजनम्, अश्नाति भुङ्क्ते । किं तदित्याह—तरुणम्—अभिनवं कोमलम्, सर्षपशाकम्, नवौदनम्—नवानां तण्डुलानामोदनम् भक्तम् ।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

पिच्छिलानि—घनीभूतानि दधीनीति । स्वल्पधनो मधुरामासभोजी ग्राम्यजनोऽविदग्धोऽयम् । त्वं तु सुन्दरी, अतोऽविदग्धं ग्राम्यं परित्यज्य विविधरतिरसाभिज्ञं विदग्धं नागरं भजस्वेति व्यज्यते ॥ ११ ॥

हिं० टी०—हे सुन्दरि ! ग्रामीण मनुष्य थोड़े व्यय से मधुर भोजन करता है—वह मधुर भोजन यह है—ताजा कोमल सरसों का साग, नये चावलों का भात और गाढ़ा मलाई वाला दही ।

ग्रामीण और शहरी वरों में से ग्रामीण को पसन्द करने वाली सुन्दरी को प्रशंसारूप से ग्रामीण की निन्दा के द्वारा उसके हटाने के लिये विदग्ध सखी की उक्ति है । उसका तात्पर्य यह है कि ग्रामीण के पास न तो बहुत धन व्यय करने को होता है और जो कुछ वह मीठा समझ कर भोजन करता है वह वास्तव में मीठा नहीं । इस लिये तुम विदग्ध नागरिक को अपना हृदयेश्वर बनाओ ।

इस पद्य के चौथे चरण के आदि में 'ग्रा' यह संयोग है । इसकी क्रम संज्ञा है । इसके पूर्व लघु 'रि' वर्ण को साधारण नियम के अनुसार गुरु मानने पर एक मात्रा बढ़ जाती है । यह आर्या छन्द है । इसके तीसरे चरण में बारह मात्रायें होनी चाहियें । इस लिये आवश्यकतानुसार यहाँ 'रि' को साधारण नियम से गुरु होते हुए भी लघु मान लिया जाता है ॥११॥

अब्धिप्रभृतिसंज्ञाः—

अब्धिभूतरसादीनां ज्ञेयाः संज्ञास्तु लोकतः ।

सं० टी०—अन्यशास्त्रपरिभाषिता अपि संज्ञा लोकप्रसिद्धा अत्र व्यवहृताः, ताश्च तत एव ज्ञेया इत्याह—अब्धिभूतेत्यादिना । लोकतः—लोके प्रसिद्धत्वात् लोकव्यवहारतः, अब्धिप्रभृतीनाम्, संज्ञाः—संक्षेपेण संज्ञया ज्ञायन्ते इति संज्ञाः, संज्ञिन इति भावः, चतुष्ट्वादिसंख्या इति यावत्, ज्ञेयाः, यतिनियमेषु इति तात्पर्यम् । तथाहि—अब्धयः—चत्वारः, भूतानि—पञ्च, रसाः—षट् । आदिपदात् अश्वा मुनयश्च सप्त, वसवो नागाश्च अष्टौ, ग्रहा अङ्काश्च नव, दिशो दश, रुद्रा एकादश, आदित्या द्वादश, इत्येवमादि बोध्यम् । अब्ध्यादिपदानां पर्याया अपि ग्राह्याः तेन सागरसमुद्रादिशब्दा अपि चतुष्टसंख्याविबोधकाः । एवमन्येषामपि पर्यायेष्वपि ज्ञेयम् ।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

हिं० टी०—अब्धि, भूत, और रस आदि संज्ञाओं का ज्ञान लोक-व्यवहार से प्राप्त कर लेना चाहिये

अब्धि आदि शब्दों का प्रयोग ज्यौतिष आदि शास्त्रों में संख्या बोध कराने के लिये होता है। उनका लोक में भी व्यवहार होता है। अतः लोक प्रसिद्ध होने के कारण यहाँ उनसे काम लिया गया है और इसी लिये उनकी परिभाषा यहाँ नहीं बतलाई गई। उनका ज्ञान लोक से ही अथवा ज्यौतिष आदि शास्त्रों से कर लेना चाहिये। बारह संख्या तक के बोधक आवश्यक सांकेतिक कुछ शब्द कोष्ठक में दिये जाते हैं। इसके आगे की संज्ञाओं की यहाँ आवश्यकता अधिक न पड़ेगी। इसलिये छोड़ दिया गया है।

संख्याबोधक सांकेतिक शब्दावलि।

१ चन्द्रमा, पृथ्वी।	७ अश्व, मुनि, स्वर, लोक।
२ बाहु, पक्ष, नेत्र।	८ वसु, सिद्धि, याम।
३ गुण, राम, ताप, काल, अग्नि।	९ भक्ति, निधि, अंक, ग्रह, द्रव्य।
४ वेद, वर्ण, फल, अवस्था, युग, आश्रम, धाम।	१० दिशा, अवतार।
५ शर, बाण, इन्द्रिय, भूत, तत्त्व।	११ शिव।
६ शास्त्र, राग, रस, ऋतु।	१२ रवि, राशि, मास।

इनके स्थान में पर्यायवाची शब्दों का भी प्रयोग होता है।

पादलक्षणम्—

ज्ञेयः पादश्चतुर्थोंऽशः,

पादसंज्ञामाचष्टे—ज्ञेयः पाद इत्यादिना। चतुर्थः अंशो भागः, छन्दःशास्त्रविषयत्वात् छन्दस एव चतुर्थो भागः, पादः—पादसंज्ञको ज्ञेयः। यत्र पाद-व्यवहारस्तत्र तस्य छन्दसश्चतुर्थो भागो बोद्धव्य इत्यर्थः। पादशब्दः स्वपर्यायाणामङ्घ्रिचरणादिशब्दानामप्युपलक्षणम्। अतोऽङ्घ्र्यादिशब्दैरपि छन्दसश्चतुर्थ एव भागो ग्राह्यः। अंशश्च समचतुर्थांशो नात्राभिप्रेतः, अपि तु यावान् यत्रोक्तः। तथा चार्धसमानां विषमाणामपि छन्दसां पादाः संगृहीता

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

भवन्ति । अपि चेदं प्रायिकम्, गाथासु निषट्चरणवतीषु तृतीयषष्ठभागस्यापि पादशब्देन ग्रहणात् । तथा चाग्रे वक्ष्यते–'शेषं गाथास्त्रिभिः षड्भिश्चरणैश्चोपलक्षिताः' इति । (वृत्त० अ० १–१८)

हिं० टी०—छन्द के चौथे भाग को पाद कहते हैं । अर्थात् जहाँ पाद शब्द का व्यवहार हो वहाँ छन्द का चौथा भाग समझना चाहिये । पाद शब्द के पर्यायवाची अङ्घ्रि चरण आदि शब्दों का भी प्रयोग पूर्वोक्त अर्थ के लिये होता है ।

चौथे भाग से सम चतुर्थ भाग ही न समझना चाहिये अपि तु जहाँ जितना कहा हो उतने का ही ग्रहण करना चाहिये । तभी अर्द्धसम और विषम छन्दों के–जिनके चरण बराबर नहीं होते–पादों का भी संग्रह हो जाता है । यह भी ध्यान रहे कि यह प्रायिक बात है सामान्य नहीं । क्योंकि गाथाछन्दों में तीन और छः पाद भी होते हैं । सामान्य नियम मानने पर उनको पाद कहा न जा सकेगा ।

यतिलक्षणम्—

यतिर्विच्छेदसंज्ञिता ॥ १२ ॥

सं० टी०—यतिं लक्षयति–यतिरित्यादिना । यतिः–यतिशब्दः, विच्छेदः संज्ञी बोध्यो यस्याः सा । विच्छेदस्य यतिसंज्ञेति भावः । 'संज्ञिता' इति पाठे यतिशब्दसामानाधिकरण्येन स्त्रीलिङ्गत्वं बोध्यम् 'संज्ञित' इति पाठे विच्छेदे विरामे, संज्ञितः परिभाषितः इति समन्वयः कार्यः । इयं यतिश्छन्दोलक्षणवाक्यपठितेषु तृतीयान्तेषु अब्ध्यादिनिर्देशेषूपतिष्ठते । तत्र च–अब्ध्यादिसङ्ख्येष्वक्षरेषु यतिः स्यादित्यर्थः सम्पद्यते । तद्यथा–'रसैः रुद्रैश्छिन्ना यमनसभलागः शिखरिणी' इति शिखरिणीलक्षणे । 'रसैः' 'रुद्रैः' इति पदद्वयस्य तृतीयान्ततया निर्देशः । अत्र यतिरुपतिष्ठते, रसैः–रसाः षट्, षष्ठे वर्णे इत्यर्थः, रुद्रैः–रुद्रा एकादश, एकादशे वर्णे च यतिर्भवतीति फलति । 'छिन्ना' इति पदं यतिमेवान्वाचष्टे । शार्दूलविक्रीडितलक्षणे 'सूर्याश्वैर्मसजस्तताः सगुरवः शार्दूलविक्रीडितम्' इत्यत्र तु नास्ति 'छिन्ना' इतिवत् यतिसूचकं किमपि पदम्, केवलेन तृतीयान्तनिर्देशेनैव यतेर्निर्वाहो भवति । यतिश्च

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

श्रुतिसौकर्यार्था तत्र तत्र नियतस्थानेषु कार्या। यतिनियमस्थानविषयेऽपेक्षितं बहुवक्तव्यं विस्तरभिया त्यज्यते। केवलं सर्वसामान्यमुच्यते यत्—यतिः पादान्ते सर्वत्र भवति। श्लोकार्धे तु अवश्यं भवति। तथा चोक्तमभियुक्तैः—'यतिः सर्वत्र भवति श्लोकार्धे तु विशेषतः' इति। यतिनियमस्थाने हि पदसमाप्तिरवश्यमपेक्षिता, अन्यथा श्रुतिसौकर्यरूपं प्रयोजनं भज्यते, वैरस्यं चापद्यते। यत्र च वैरस्यं न भवेत्तत्र तु न दोषप्रसङ्गः। उक्तं च कविकल्पलतायाम्—

एवं यथा यथोद्वेगः सुधियां नोपजायते।
तथा तथा मधुरतानिमित्तं यतिरिष्यते॥ इति॥

भरतादयस्तु यतिं नेच्छन्ति, परं नैतदुचितम्, यतिनियमाऽपालने वैरस्यस्य सहृदयहृदयानुभवसिद्धतया तदपलापस्य कर्तुमशक्यत्वात्॥ १२॥

हिं० टी०—विराम को यति कहते हैं। श्लोक को पढ़ते हुए सुनने में माधुर्य लाने के लिये जो कहीं पर रुका जाता है उसे यति कहते हैं, जहाँ पर रुका जाता है उसे यतिस्थान कहते हैं।

छन्दों के लक्षणों में यतिस्थान भी बताये गये हैं। तृतीयान्तपद यतिस्थान का बोधक होता है। जैसे शार्दूलविक्रीडित के लक्षण में 'सूर्याश्वैः' इस तृतीयान्त पद के द्वारा बताया जाता है कि बारह और सात पर विश्राम करना चाहिये। यतिस्थान प्रत्येक छन्द के नियत हैं जो कि लक्षणों में तृतीयान्त पदों से बताये जायंगे। यति से लय में मधुरता आ जाती है, छन्द अधिक संगीतमय हो जाता है। पाद के अन्त में यति होती है और श्लोक के आधे पर भी। यह यति का सामान्य नियम है। यतिस्थान पर पद की समाप्ति हो जानी चाहिये नहीं तो सुनने में विरसता आ जाती है जैसे—'लभेत[1] सिकतासु तै—लमपि यत्नतः पीडयन्'—भर्तृहरि के इस पृथ्वी

---

१. पूरा पद्य इस प्रकार है—

लभेत सिकतासु तै—लमपि यत्नतः पीडयन्
पिबेच्च मृगतृष्णिका—सु सलिलं पिपासार्दितः।
कदाचिदपि पर्यटन् शशविषाणमासादयेत्
न तु प्रतिनिविष्टमू—र्खजनचित्तमाराधयेत्॥ नी० श० ५॥

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

छन्द के पद्य में आठ पर यतिस्थान है परन्तु आठवें वर्ण 'ते' पर पद समाप्त नहीं हुआ जो कि सुनने में उद्वेग पैदा कर देता है। भरतादि आचार्य यति के नियम को नहीं मानते परन्तु यह ठीक नहीं क्योंकि यतिनियम के पालन न करने से सुनने में विरसता आ जाती है सहृदय सुधी जनों का अनुभव इसमें साक्षी है ॥ १२ ॥

युगयुक्—संज्ञे

युक् समं विषमं चायुक् स्थानं सद्भिर्निगद्यते।

सं० टी०—समविषमयोः संज्ञान्तराण्याह—युक्समभित्यादिना। समं द्वितीयचतुर्थादि स्थानं 'युक्' इति सद्भिः छन्दःशास्त्राचार्यैः, निगद्यते-कथ्यते। विषमं च—प्रथमतृतीयादि स्थानं सद्भिः 'अयुक्' निगद्यते। चकारात् समस्य 'युग्म' 'अनोज' संज्ञे विषमस्य 'अयुग्म' 'ओज' संज्ञे इत्यादि बोध्यम्। आसां संज्ञानां प्रयोगः पादस्य समविषमताबोधनायैव प्रायो भवति।

हिं० टी०—छन्दः शास्त्र के आचार्य द्वितीय चतुर्थादि सम स्थानों को 'युक्' और प्रथम तृतीय आदि विषम स्थानों को 'अयुक्' कहते हैं।

इसी प्रकार सम को युग्म तथा अनोज और विषम को अयुग्म तथा ओज भी कहा गया है। इन संज्ञाओं का प्रयोग अधिकतर चरणों के लिए होता है।

वृत्तभेदकथनम्—

समसर्धसमं वृत्तं विषमं च तथापरम् ॥ १३ ॥

सं० टी०—वृत्तस्य भेदान्निरूपयति—समभित्यादि। समनामकम्, अर्ध-समनामकम्, विषमनामकं चेति वृत्तं त्रिधा इत्यर्थः।

इदमत्र बोध्यम्—पदैः पादाख्यैः घटितं पद्यम्। तद् द्विविधम्—जातिर्वृत्तं च। जातिर्नियतमात्रिका। वृत्तं नियतगुरुलघुविन्यासम्। तत्र जातिरार्यादि। वृत्तमुक्तादि। तदुक्तम्—

'पद्यं चतुष्पदं तच्च वृत्तं जातिरिति द्विधा।
वृत्तमक्षरसङ्ख्यातं जातिर्मात्राकृता भवेत् ॥' इति

परमत्र समविषमभेदकरणे वृत्तशब्दः छन्दःसामान्यपरः न केवलं वर्ण-वृत्तस्यैव समादयो भेदा भवन्ति, अपि तु मात्रिकवृत्तानामपि। निरूपितमत्र

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

मात्रिकेष्वपि अर्धसमानि वैतालीयादीनि, समानि मात्रासमकादीनि, विषमाणि आर्यादीनि। अभिमतं चैतद्ग्रन्थकारस्यापि 'वृत्तरत्नाकरम्' इति ग्रन्थस्य नामकरणं कुर्वतः। नाम्नि वृत्तपदेन केवलवर्णवृत्ताश्रयत्वेऽत्र प्रदर्शितानां मात्रावृत्तानां संग्रहो न स्यात्। न केवलानि वर्णवृत्तानि अस्मिन् ग्रन्थे संलक्षितानि अपि तु मात्रावृत्तान्यपीति ॥ १३ ॥

हिं० टी०—वृत्त-छन्द-के सम, अर्द्धसम और विषम नाम के तीन भेद होते हैं।

यहाँ पर इतना और समझ लेना चाहिये कि पदों से अर्थात् पादों से रचित होने से छन्दोबद्ध को पद्य कहा जाता है। साधारणतया पद्य के चार चरण होते हैं। वह दो प्रकार का होता है। वृत्त और जातिभेद से। जाति आर्यादि मात्रिक छन्दों को और वृत्त प्रमाणिका आदि वर्णवृत्तों को कहते हैं। मात्रिक छन्दों में मात्राओं की संख्या नियत होती है और वर्णवृत्तों में वर्णों की संख्या और गुरु लघु का क्रम भी प्रायः नियत रहता है। इस पद्य में वृत्त शब्द का प्रयोग सामान्य छन्द के लिये हुआ है। क्योंकि सम आदि भेद न केवल वर्ण वृत्तों के ही, अपितु मात्रा छन्दों के भी होते हैं। मात्रिक विषम आर्यादि, अर्धसम वैतालीयादि सम मात्रासमक आदि छन्द प्रसिद्ध ही हैं। ग्रन्थकार का यही अभिप्राय प्रकट होता है। 'वृत्तरत्नाकर' नाम में भी वृत्त का अर्थ छन्दमात्र ही लिया जाना चाहिये। क्योंकि इसमें दोनों प्रकार के—मात्रिक तथा वर्णिक-छन्दों का निरूपण किया गया है। केवल वर्ण छन्दों का नहीं ॥ १३ ॥

समवृत्तलक्षणम्—

अङ्घ्रयो यस्य चत्वारस्तुल्यलक्षणलक्षिताः।
तच्छन्दःशास्त्रतत्त्वज्ञाः समं वृत्तं प्रचक्षते ॥१४॥

सं० टी०—समवृत्तं लक्षयति—अङ्घ्रय इत्यादिना। यस्य वृत्तस्य चत्वारोऽपि, अङ्घ्रयः-पादाः, तुल्यलक्षणलक्षिताः-तुल्येन समानेन, लक्षणेन लक्षिताः-युक्ताः, भवन्तीति शेषः। तत्-छन्दः, द्वितीयान्तमेतत् 'प्रचक्षते' इत्यस्याः क्रियायाः कर्म। छन्दःशास्त्रतत्त्वज्ञाः-छन्दःशास्त्रस्य तत्त्वं रहस्यं मर्म जानन्तीति ते। समं वृत्तं प्रचक्षते-वदन्ति। यथा मात्रिकेषु मात्रासमप्रकरणे

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

वर्णवृत्तेषु च तृतीयाध्याये निरूपितानि अचलधृत्यादीनि प्रमाणिकादीनि च ॥

हिं० टी०—जिस छन्द के चारों चरण समान लक्षण से युक्त हों उसको छन्दः शास्त्र के विद्वान् सम वृत्त कहते हैं।

जैसे मात्रिकों में मात्रिक प्रकरण में बतलाये हुए अचलधृति आदि और वर्णिकों में तृतीयाध्याय में बताये हुए प्रमाणिका आदि। इनके चारों चरण एक ही लक्षण के अनुसार बनते हैं ॥ १४ ॥

अर्धसमलक्षणम्—

प्रथमाङ्घ्रिसमो यस्य तृतीयश्चरणो भवेत्।
द्वितीयस्तुर्यवद् वृत्तं तदर्धसममुच्यते ॥ १५ ॥

सं० टी०—अर्धसमवृत्तं लक्षयति—प्रथमेत्यादिना। यस्य छन्दसः, तृतीयः, चरणः-पादः, प्रथमाङ्घ्रिसमः—प्रथमपादसदृशः, किञ्च—द्वितीयः, पाद इति भावः, तुर्यवत्—चतुर्थचरणसमः, भवेत्। तत् छन्दः, अर्धसमं वृत्तमुच्यते। अर्थात् यस्य छन्दसः, प्रथमतृतीयचरणौ द्वितीयचतुर्थौ च परस्परं समानौ भवेतां तदर्धसमं भवति। अर्धं समं यस्य तदर्धसममित्यन्वर्थेयं संज्ञा। अर्धसमानि मात्रिकेषु वैतालीयादीनि द्वितीयाध्याये वर्णवृत्तेषु चोपचित्रादीनि चतुर्थाध्याये निरूपयिष्यन्ते ॥ १५ ॥

हिं० टी०—जिस छन्द का तृतीय चरण प्रथम चरण के और द्वितीय चरण चतुर्थ चरण के समान हो उसे अर्धसम कहते हैं।

'अर्धसम' संज्ञा अन्वर्थ-सार्थक-है। क्योंकि प्रथम और तृतीय चरण तथा द्वितीय और चतुर्थ चरण के एक समान होने से आधा भाग समान हो जाता है। इसके उदाहरण मात्रिकों में वैतालीय आदि द्वितीय अध्याय में और वर्णवृत्तों में उपचित्र आदि चतुर्थ अध्याय में बताये जायँगे ॥१५॥

विषमवृत्तलक्षणम्—

यस्य पादचतुष्केऽपि लक्ष्म भिन्नं परस्परम्।
तदाहुर्विषमं वृत्तं छन्दःशास्त्रविशारदाः ॥ १६ ॥

सं० टी०—विषमवृत्तं लक्षयति—यस्येत्यादिना। यस्य छन्दसः, पादचतुष्केऽपि चतुर्ष्वपि चरणेषु, परस्परम्—अन्योन्यम्, लक्ष्म—लक्षणम्, भिन्नम्-

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

नैकसमं, भवेदिति शेषः। छन्दःशास्त्रविशारदाः—छन्दःशास्त्राचार्याः, तद् वृत्तं विषमम्, आहुः—वदन्ति। विगतं समं यस्मात् तद्विषममिति व्युत्पत्तेर्यच्छन्दो न समं नार्धसमं भवेत्तद् विषमं भवति। अयमाशयः—एकस्यापि पादस्य वैलक्षण्ये विषममुच्यते। तद्यथा—आर्यायाः प्रथमतृतीयौ पादौ द्वादशमात्रात्मकौ समौ द्वितीयचतुर्थौ तु क्रमेण अष्टादशपञ्चदशमात्रात्मकौ परस्परभिन्नौ। अतः प्रथमतृतीययोः साम्येऽपीतरयोरसाम्यादार्याछन्दो विषमं वृत्तम्। विषमवृत्तानि मात्रिकाणि नात्र पृथक् प्रदर्शितानि। आर्यादिष्वेव तानि कानिचिद् निरूपितानि। वर्णवृत्तानि विषमाणि पञ्चमेऽध्याये पदचतुरूर्ध्वादीनि संप्रदर्शितानि ॥ १६ ॥

हिं० टी०—जिस छन्द के चारों चरणों के लक्षण परस्पर भिन्न हों उसे छन्दःशास्त्र के विद्वान् विषमवृत्त कहते हैं।

विषम संज्ञा अन्वर्थ—सार्थक—है। विषम का अर्थ है जो सम न हो। अर्धसम में भी कुछ समता रहती ही है; इसलिये उसका भी निषेध इससे हो जाता है। सम और अर्धसम से भिन्न को विषम कहा जायगा। जैसे आर्या छन्द के प्रथम और तृतीय पाद समान होते हैं पर द्वितीय और चतुर्थ में भिन्नता होती है—अतः यह अर्धसम भी नहीं, सम होना तो अलग रहा। तब यह विषमवृत्त है। इसी प्रकार उद्‌गीति छन्द भी विषम है। आर्या के प्रथम तृतीय चरणों में बारह बारह और द्वितीय में अठारह तथा चतुर्थ में पन्द्रह मात्रायें होती हैं। उद्‌गीति के प्रथम तृतीय चरण आर्या के ही समान होते हैं और द्वितीय में पन्द्रह तथा चतुर्थ में अठारह मात्रायें होती हैं। मात्रिक विषम यहाँ विशेषरूप से नहीं दिखाये गये हैं। वर्णवृत्तों के विषम पञ्चम अध्याय में बतलाये गये हैं ॥ १६ ॥

वर्णसमवृत्तभेदाः—

आरभ्यैकाक्षरात् पादादेकैकाक्षरवर्धितैः।
पृथक् छन्दो भवेत् पादैर्यावत् षड्‌विंशतिं गतम् ॥ १७ ॥

अथ वर्णसमवृत्तभेदानाह—आरभ्यैकाक्षरादित्यादिना। एकाक्षरात् एकमक्षरं यस्मिन् तस्मात्, पादात्, आरभ्य। एकैकाक्षरवर्धितैः—एकेन एकेन

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

अक्षरेण वर्धितैः, पादैः, कृत्वेति शेषः, पृथक्-भिन्नं भिन्नं छन्दो भवेत्। वृद्धयवधिं प्रदर्शयितुमाह-यावदिति। यावत् षड्विंशतिसंख्याकं पादं प्रति, गतं-गमनं भवति।

अयं भावः-समवर्णवृत्तेषु एकेनाक्षरेण पादमेकं कृत्वा चतुर्षु पादेषु जातेषु छन्द एकं भवति। एकेन वर्धिताभ्यां द्वाभ्यां वर्णाभ्यां चतुर्णां पादानां निर्माणेऽपि पृथक् भवति। एवमेकैकवर्धनेन षड्विंशतिपर्यन्तं पृथक् पृथक् छन्दांसि संभवन्ति। एतेषां पृथक् पृथगुक्तादयः संज्ञा वक्ष्यन्ते॥ १७॥

हिं० टी०—सम वर्ण वृत्तों के एक अक्षर के पाद से लेकर एक एक बढ़ाते हुए छब्बीस अक्षर तक के पाद से पृथक् पृथक् छन्द बनते हैं।

तात्पर्य यह है कि एक अक्षर को एक पाद मानकर उसी के समान चारों चरण बनाकर एक छन्द बन सकता है। इसी प्रकार दो, तीन, चार अक्षरों से भी पृथक् पृथक् छन्द बन सकते हैं। २६ अक्षर तक बनाये जा सकते हैं। इनके पृथक् पृथक् उक्तादि नाम आगे दिये जा रहे हैं॥ १७॥

दण्डकलक्षणम्—

तदूर्ध्वं चण्डवृष्ट्यादिदण्डकाः परिकीर्तिताः।

सं० टी०—षड्विंशत्यधिकाक्षरपादस्य छन्दसः संज्ञामाह-तदूर्ध्वमित्यादिना। तदूर्ध्वम्-तस्मात् षड्विंशत्यक्षरपादात् छन्दसः, ऊर्ध्वम्-उपरि, सप्तविंशत्याद्यक्षरपादानि छन्दांसि, चण्डवृष्ट्यादिदण्डकाः-चण्डवृष्ट्यादिविशेषनामानः, दण्डकाः-दण्डकसामान्यनामानः परिकीर्तिताः-कथिताः।

हिं० टी०—२६ से अधिक वर्णों वाले पादों से बने छन्द चण्डवृष्टि आदि दण्डक कहे जाते हैं।

जिस छन्द के प्रत्येक पाद में वर्णसंख्या २६ से अधिक हो उसे दण्डक कहते हैं। दण्डक का अर्थ दण्ड देने वाला अथवा दण्ड (लठ्ठ) होता है। ऐसे छन्दों को दण्डक इसलिये कहते हैं कि इनके चरण इतने लम्बे होते हैं कि उनके उच्चारण करने में बोलने वाले की सांस फूल जाती है। यह सांस फूलना ही दण्ड है। दण्ड के समान लम्बे होने के कारण भी इन्हें संभवतः दण्डक कहा जाता है। चण्डवृष्टिप्रपात आदि इनके विशेष भेद हैं जो आगे तीसरे अध्याय की समाप्ति पर २६ वर्णों वाले छन्दों के अनन्तर कहे गये हैं।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

गाथालक्षणम्—

शेषं गाथास्त्रिभिः षड्भिश्चरणैश्चोपलक्षिताः ॥ १८ ॥

सं० टी०—अत्र विशेषलक्षणेनाऽलक्षितानां कविभिश्च प्रयुज्यमानानां छन्दसां सामान्यसंज्ञां वदति—शेषमित्यादिना। शेषम्—चण्डवृष्ट्यादि-विशेषाद् भिन्नम्, त्रिभिः षड्भिः वा चरणैः पादैः उपलक्षिताः—संलक्षिताः, गाथाः—गाथानामानि छन्दांसि बोध्यानीत्यर्थः। चकारात् चतुरधिकान्य-संख्यैरपि पादैरुपलक्षितानि, विलक्षणगुरुलघुक्रमैस्वद्भिः न्यूनाधिकाक्षरैश्च पादैर्युक्तान्यपि छन्दांसि गाथासंज्ञकानीति लभ्यते ॥ १८ ॥

हिं० टी०—चण्डवृष्टि आदि से भिन्न, तीन या छः चरण वाले छन्दों को गाथा कहते हैं।

जिन छन्दों का यहाँ निरूपण नहीं किया गया और कवियों ने प्रयोग किया है उन सब छन्दों को सामान्य रूप से 'गाथा' कहा जाता है। चण्ड वृष्टि आदि दण्डकों से आगे जो छन्द बनेंगे, जिन छन्दों के तीन या छः अर्थात् चार से न्यूनाधिक चरण होंगे, जिन छन्दों के गुरु लघु का क्रम भी विलक्षण होगा तथा जिन छन्दों के चरणों में न्यूनाधिक अक्षर होंगे, उन सब की सामान्य 'गाथा' संज्ञा है ॥ १८ ॥

उक्तादिजातिपरिगणनम्—

उक्ताऽत्युक्ता तथा मध्या प्रतिष्ठाऽन्या सुपूर्विका।
गायत्र्युष्णिगनुष्टुप् च बृहती पङ्क्तिरेव च ॥ १९ ॥
त्रिष्टुप् च जगती चैव तथाऽतिजगती मता।
शक्करी साऽतिपूर्वा स्यात् अष्ट्यत्यष्टी ततः स्मृते ॥ २० ॥
धृतिश्चातिधृतिश्चैव कृतिः प्रकृतिराकृतिः।
विकृतिः सङ्कृतिश्चापि तथाऽतिकृतिरुत्कृतिः ॥ २१ ॥

सं० टी०—पूर्वप्रतिपादितानामेकाक्षरात्पादादारभ्य षड्विंशत्यक्षरपादाऽवधिकानां छन्दसां पृथक् पृथक् उक्तादिसामान्यसंज्ञा आह—उक्ता इत्यादिना। एकाक्षरपादानां 'अयुक्ता' सामान्यसंज्ञा, अवान्तरसंज्ञास्तु वक्ष्यन्ते। एवं शेषेष्वपि ज्ञेयम्। सुपूर्विका अन्या—अनन्तरोक्ता प्रतिष्ठैव सुपूर्वा सती सुप्रतिष्ठा

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

भिन्ना संज्ञेत्यर्थः। साऽतिपूर्वा—सा शक्वरी, अतिपूर्वा–अतिशक्वरीत्यर्थः। ताः सर्वाः—१ उक्ता, २ अत्युक्ता ३ मध्या, ४ प्रतिष्ठा, ५ सुप्रतिष्ठा, ६ गायत्री, ७ उष्णिक्, ८ अनुष्टुप्, ९ बृहती, १० पङ्क्तिः ११ त्रिष्टुप्, १२ जगती १३ अतिजगती, १४ शक्वरी, १५ अतिशक्वरी, १६ अष्टिः, १७ अत्यष्टिः, १८ धृतिः, १९ अतिधृतिः, २० कृतिः, २१ प्रकृतिः, २२ आकृतिः, २३ विकृतिः, २४ सङ्कृतिः, २५ अतिकृतिः, २६ उत्कृतिः, इत्येताः ॥१९–२१॥

हिं० टी०—पहले कहा गया है कि एक अक्षर के पाद से लेकर २६ अक्षर तक के पाद से भिन्न भिन्न छन्द बनते हैं। उनमें प्रत्येक की पृथक् पृथक् सामान्य संज्ञा इन तीन पद्यों में बताई गई हैं। एक अक्षर के पाद वाले छन्दों को सामान्य रूप से 'उक्ता' कहा जाता है। दो अक्षर के पाद वाले छन्दों को 'अत्युक्ता' कहा जाता है। इसी प्रकार आगे भी समझ लेना चाहिये। छन्दों के अलग अलग नाम बताये जायँगे। यहाँ पर ये सामान्य संज्ञायें दी गई हैं ॥१९—२१॥

अध्यायोपसंहारः—

इत्युक्ताश्छन्दसां संज्ञाः क्रमशो वच्मि साम्प्रतम्।
लक्षणं सर्ववृत्तानां मात्रावृत्तानुपूर्वकम् ॥ २२ ॥

इति श्रीकेदारभट्टविरचिते वृत्तरत्नाकरे परिभाषानिरूपणो नाम प्रथमोऽध्यायः।

सं० टी०—उक्तमनुवदन् अग्रे वक्ष्यमाणस्य क्रमं निर्दिशति—इत्युक्ता इत्यादिना। इति अनेन समनन्तरोक्तप्रकारेण छन्दसां संज्ञाः, परिभाषाः, उक्ताः। अथवा–छन्दसाम्–छन्दोविषयेऽपेक्ष्यमाणाः, संज्ञाः परिभाषाः, उक्ताः। साम्प्रतम्–इदानीम्, परिभाषानिरूपणानन्तरम्। क्रमशः क्रमेण, क्रमप्राप्ततया, मात्रावृत्तानुपूर्वकम्–मात्रावृत्तानि प्रथमं कृत्वा, सर्ववृत्तानाम्–

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

सर्वेषां छन्दसाम्, लक्षणम्—स्वरूपम्, सोदाहरणम्, वच्मि—निरूपयामि। अयमाशयो यत्पूर्वं मात्राछन्दांसि लक्षयिष्यन्ते, ततो वर्णच्छन्दांसि ॥ २२ ॥

हिं० टी०—इस प्रकार छन्दों की उक्ता आदि संज्ञाओं का निरूपण कर दिया गया अथवा छन्दों के लिये उपयोगी परिभाषाओं का निरूपण किया गया। अब आगे सब छन्दों के लक्षण कहता हूँ। प्रथम मात्राछन्दों के लक्षण कहे जायँगे, उसके बाद वर्णवृत्तों के ॥ २२ ॥

इति व्याकरणसाहित्याचार्यश्रीधरानन्दशास्त्रिणा प्रणीतायां प्राज्ञतोषिणी-समाख्यायां वृत्तरत्नाकरव्याख्यायां प्रथमोऽध्यायः।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

अथ द्वितीयोऽध्यायः

अथ मात्रिकच्छन्दांसि।

आर्याप्रकरणम्।

आर्यासामान्यलक्षणम्—

१ २ ३ ४ ५ ६ ७ गु०
ऽऽ, ऽऽ,। ।ऽ, ऽऽ,ऽ ।।,। ऽ।, ।।ऽ, ऽ
लक्ष्मैतत्सप्त गणा गोपेता भवति नेह विषमे जः।
१ २ ३ ४ ५ ६ल ७ गु०
ऽऽ,ऽ ।।,ऽ ऽ, ।।ऽ ऽ ।।।,ऽऽऽ
षष्ठोऽयं नलघू वा, प्रथमेऽर्धे नियतमार्यायाः॥ १॥
१, २, ३, ४, ५, ६, ७, गु०
ऽऽ ।ऽ।ऽ।।ऽ ऽ ।।ऽ। ।।।।।।।ऽ
षष्ठे द्वितीयलात्परके न्ले; मुखलाच्च सयतिपदनियमः।
१ २ ३ ४ ५ ६ल ७ गु०
।।ऽ,ऽ ऽ,।।ऽ, ऽऽ,। ।।, ।।ऽ,ऽऽ
चरमेऽर्धे पञ्चमके; तस्मादिह भवति षष्ठो लः॥ २॥

अन्वयः—आर्यायाः प्रथमेऽर्धे एतत् लक्ष्म नियतम् (अस्ति) गोपेताः

---

१ 'आदौ तावद्गणच्छन्दो मात्राच्छन्दस्ततः परम्। तृतीयमक्षरच्छन्दश्छन्दस्त्रेधा तु लौकिकम्। आर्यादिगीतिपर्यन्तं गणच्छन्दः समीरितम्। वैताल्यादिचूलिकान्तं मात्राच्छन्दः प्रकीर्तितम्। सामान्याद्युत्कृतिं यावदक्षरच्छन्द एव च।' रत्नाकरकारमते तु मात्रावर्णभेदेन छन्दसो द्वैविध्येन गणच्छन्दसामार्यादीनामपि मात्रिकेष्वेवान्तर्भाव इति बोध्यम्।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

सप्त गणाः (भवन्ति), इह विषमे जः न भवति, षष्ठः अयम् (जः भवति), वा नलघू (भवतः)। च षष्ठे न्ले द्वितीयलात् (पूर्वम्) परके (न्ले) मुखलात् (पूर्वम्) सयतिपदनियमः। चरमेऽर्धे (एतत् लक्ष्म नियतम्) पञ्चमके (न्ले) तस्मात् (सयतिपदनियमः), इह षष्ठो लः भवति।

व्याख्या - आर्यायाः—आर्यानामकछन्दसः, प्रथमेऽर्धे पूर्वार्द्धे, प्रथमद्वितीय चरणयोरिति यावत्, एतत्—उच्यमानम्, लक्ष्म—लक्षणम्, नियतम्—निश्चितम् अस्तीति शेषः। किं तदित्याह—गोपेताः गेन गुरुणा एकेन सहिताः, सप्त—सप्तसंख्याकाः, गणाः—चतुर्मात्राः मात्रिकछन्द उपयोगिनः पूर्वोक्ताः, भवन्तीति शेषः। इह—अस्याम्, आर्यायामित्यर्थः, विषमे—प्रथम-तृतीय-पञ्चम-सप्तमरूपे गणे, जः—जगण। ऽ। इत्याकारको मध्यगुरुः, आर्यागणेषु तृतीयः, न भवति। षष्ठः—षष्ठस्थानवर्ती गणः, अयम्—जगणः, भवतीति शेषः, वा—अथवा, नलघू—नगणः।।। इत्याकारः त्रिलघुरूपो गणः, लघुश्चेति तौ।।।। चतुर्लघव इति यावत्, भवत इत्यध्याहार्यम्।

अधुना यतिनियममाह—च—किं च, षष्ठे—षष्ठस्थानके गणे, न्ले—नगणलघुरूपे, चतुर्लघुरूपे इति यावत्, सति, द्वितीयलात्—द्वितीयलघोः पूर्वमिति शेषः, चतुर्लघुरूपस्य गणस्य द्वितीयलघोः पूर्वं प्रथमलघौ इत्यर्थः, परके परस्मिन्, षष्ठापेक्षयैव परत्वाश्रयणात् सप्तमे इत्यर्थः, न्ले—नगणलघुरूपे सति, मुखलात्—चतुर्लघुरूपस्य गणस्य प्रथमात् लघोः, पूर्वमिति शेषः, षष्ठगणान्ते इति यावत्, सयतिपदनियमः—सयतेः यतिविशिष्टस्य पदस्य—सुप्तिङन्तरूपस्य, नियमः अस्तीति शेषः, सयति पदं नियम्यते इत्यर्थः। तत्र यतिरपि स्यात्, पदमपि समाप्तं भवेदित्याशयः। एतावत्पूर्वार्धलक्षणं यतिपदनियमसहितम्।

संप्रति द्वितीयार्धस्य लक्षणमाह—चरमे इति। चरमे—अर्धे-अर्धभागे, उत्तरार्धे, तृतीयचतुर्थपादयोरिति यावत्, पञ्चमके—पञ्चमे गणे, न्ले—नगणलघुरूपे चतुर्लघौ सति, तस्मात्—पूर्वोक्तात् मुखलघोः, चतुर्लघुषु प्रथमात् लघोः, पूर्वमिति शेषोऽध्याहार्यः, चतुर्थगणान्ते इति यावत्, सयतिपदनियमः—चतुर्थगणान्ते एवं यतिः कार्या, पदं च समाप्यमित्यर्थः इह—उत्तरार्धे, षष्ठः—षष्ठस्थानवर्ती गणः, लः—एकलघुरूपः, भवति। षष्ठगणस्यैकलघुरूपतैवोत्तरा-

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

धस्य पूर्वार्धाद् विशेषता, अन्यत्तु सर्वं समानम्। तदित्थं–पूर्वार्धे त्रिंशन्मात्राः, उत्तरार्धे च सप्तविंशतिरिति फलितम्। संकलनया सप्तपञ्चाशत् सर्वा मात्राः। इदमार्याछन्दो मात्रिकेषु विषमवृत्तम्–प्रतिचरणं भिन्नलक्षणसत्त्वात्। अत्र हि न प्रतिचरणं पृथग्लक्षणमुक्तम्, अपि तु पूर्वार्धोत्तरार्धरूपेण प्रथमद्वितीय-चरणयोः तृतीयचतुर्थचरणयोः सहैव लक्षणं कृतम्। श्रुतबोधे तु चरणक्रम-मेवाश्रित्य लक्षणमुक्तं तच्चातीव सुगमम्। तद्यथा–'यस्याः प्रथमे पादे द्वादशमात्रास्तथा तृतीयेऽपि। अष्टादश द्वितीये चतुर्थके पंचदश सार्या'। अस्मिन् लक्षणे रत्नाकरोक्तसयतिपदनियमं विहाय सर्वमायातम्। अन्ते गुरुनियमस्तु केवलं पर्यहीयत। तथापि आर्यास्वरूपबोधायेदमधिकोपयोगीति प्रतिभाति॥ १—२॥

हिं॰ टी॰—आर्या के पूर्वार्ध–प्रथम द्वितीय चरण–का लक्षण निश्चित है कि इसमें सात गण–चार चार मात्रा वाले–और एक गुरु होता है। इस आर्या के चार मात्रा वाले इन सात गणों में विषम गणों में–अर्थात् प्रथम, तृतीय, पञ्चम और सातवें में जगण। ऽ। मध्यगुरुवाला न आना चाहिये। छठा गण जगण हो अथवा नगण और लघु रूप अर्थात् चार लघु वाला हो।

यदि छठा गण नगण और लघु रूप अर्थात् चार लघु वाला हो तो उस गण के द्वितीय लघु से पूर्व अर्थात् प्रथम लघु पर यति होती है, प्रथम लघु पर पद भी समाप्त हाना चाहिये यह नियम है। एवं यदि सातवां गण चार लघु वाला हो तो गण के पहले लघु से पूर्व–अर्थात् छठे गण के अन्त में यति होती है और पद समाप्त हो जाना चाहिये। इतना पूर्वार्ध का नियम है। उत्तरार्ध—तृतीय और चतुर्थ चरण—का यह लक्षण है कि यदि पांचवां गण चार लघु वाला हो तो पहले लघु से पूर्व चतुर्थ गण के अन्त में पद समाप्त होकर यति होनी चाहिये तथा इसमें छठा गण एक लघु का होता है। बाकी सब बातें पूर्वार्ध की जैसी ही होती हैं॥ १—२॥

पथ्यालक्षणम्—

१, २, ३, ४, ५, ६ज, ७, गु

ऽऽ।ऽ। ऽऽ ।।ऽऽऽ। ऽ।ऽ ऽ ऽ

त्रिष्वंशकेषु पादो दलयोराद्येषु दृश्यते यस्याः।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

१ , २ , ३ , ४ , ५ , ६ल , ७ , गु
ऽऽ। ऽ। ऽ ऽऽ ऽ ऽऽ । ऽ ऽऽ

पथ्येति नाम तस्याश्छन्दोविद्भिः समाख्यातम् ॥ ३ ॥

अथार्याभेदेषु प्रथमं पथ्यां लक्षयति—त्रिष्वंशकेष्वित्यादिना।

अन्वयः—यस्याः दलयोः आद्येषु त्रिषु अंशकेषु पादो दृश्यते। छन्दोविद्भिस्तस्याः पथ्येति नाम समाख्यातम्[1]।

व्याख्या—यस्याः आर्यायाः, [2]दलयोः—उभयोर्भागयोः। पूर्वार्धोत्तरार्धरूपयोः आद्येषु—प्रथमेषु, त्रिषु-त्रिसंख्येषु अंशकेषु—भागेषु, गणेषु इत्यर्थः पादः—श्लोकचतुर्थभागरूपः, दृश्यते—विलोक्यते, अर्थात् तृतीयगणान्ते द्वादशमात्रान्ते पादः समाप्तो भवेत्। छन्दोविद्भिः—छन्दःशास्त्रविशारदैः, तस्या आर्यायाः, 'पथ्या' इति नाम—संज्ञा, समाख्यातम्—प्रतिपादितम्। सा पथ्या उच्यते इति भावः।

एष निष्कर्षोऽत्र यद्—यत्र प्रथमे तृतीये च पादे द्वादशमात्रा भवेयुः, शिष्टं च सर्वमार्यासामान्यमेव स्यात्सा पथ्या कथ्यते। ततश्च गुरुयुक्तसप्तगणानां त्रिंशन्मात्रासु शिष्टा अष्टादश मात्रा द्वितीये पादे, एवमुत्तरार्धस्य गुरूपेतषष्ठलघुरूपसप्तगणीयाभ्यः सप्तविंशतिमात्राभ्योऽत्रशिष्टाः पञ्चदश मात्राश्चतुर्थे पादे भवन्तीति फलितम्। उदाहरणमपीदं लक्षणमेवेति पूर्ववदेव समन्वयो मूलाङ्कितचिह्नैर्विधेयः। अस्या एव पथ्यार्यायाः श्रुतबोधे 'यस्याः प्रथमे पादे' इत्यादि लक्षणम्। अत्रत्यं पूर्वोक्तं तु आर्यायाः सामान्यलक्षणम्। तच्च सामान्यलक्षणं पथ्यार्यारूपमेव, तत्रापि द्वादशमात्रासु प्रथमतृतीयपादपरिसमाप्तिदर्शनात्। अन्यदप्युदाहरणं दीयते अभ्यासार्थं सुखावबोधाय।

तद्यथा—पथ्याशी व्यायामी, स्त्रीषु जितात्मा नरो न रोगी स्यात्।
यदि मनसा वचसा वा, द्रुह्यति नित्यं न भूतेभ्यः॥

अत्र चिह्नानामभावे लक्षणसमन्वयः स्वयं विधेयः॥ ३ ॥

---

१ प्रकीर्तितं नागराजेन' इति पाठान्तरम्।

२ यानि छन्दांसि पंक्तिद्वये लिख्यन्ते—यथार्यादीनि तेषां प्रत्येकं पंक्तिर्दलं शकलं चाप्युच्यते।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

हिन्दी - जिस आर्या के दोनों दलों में प्रथम तीन गणों के अन्त में पाद की समाप्ति होती है उसका छन्दःशास्त्र के विद्वानों ने 'पथ्या' नाम कहा है।

सार यह है कि जिसके प्रथम पाद में बारह मात्रा हों और दूसरे में १८ तथा तृतीय में १२ और चतुर्थ में १५ मात्रा हों उसे पथ्या आर्या कहते हैं॥ ३॥

विपुलार्यालक्षणम्—

१ २ ३ ४ ५ ६ज ७ गु०
ऽऽ, ।।ऽ, ।।ऽ, ।ऽ।, ।।ऽ, ।ऽ।, ।। ऽ, ऽ
संलङ्घ्य गणत्रयमादिमं, शकलयोर्द्वयोर्भवति पा-दः।
१ २ ३ ४ ५ ६ल ७ गु
ऽऽ, ऽऽ, ।।।ऽ,ऽ ।।, ऽ।।, ।ऽऽ, ऽ
यस्यास्तां पिंगलनागो, विपुलामिति समाख्याति॥ ४॥

सं० टी० - विपुलार्यां लक्षयति, संलङ्घ्येत्यादिना। अन्वयः—यस्याः आदिमं गणत्रयं संलङ्घ्य द्वयोः शकलयोः पादो भवति। पिंगलनागः तां [1]विपुलामिति समाख्याति।

व्याख्या—यस्याः-आर्यायाः, द्वयोः, शकलयोः-दलयोः, पूर्वार्धोत्तरार्धयोः, आदिमम्-प्रथमम्, गणत्रयम्-त्रीन् गणान्, संलङ्घ्य-अतिक्रम्य, द्वादश-मात्रात्मकं पूर्वोक्तं यतिस्थानमतीत्य, पादः-पादसमाप्तिः, भवति। पिंगलनागः-पिङ्गलाचार्यः, ताम्-उक्तलक्षणाम्, विपुलामिति, नाम्नेति शेषः। समाख्याति-कथयति।

अयमाशयो यत्—यत्र प्रथमगणत्रयान्ते पादो न विश्राम्यति सा विपु-

---

१—इदमत्र विशेषतोऽवधेयम्, यद्विपुला त्रिप्रकारा संभवति। तथाहि—गणत्रयमतीत्य पादविश्रान्तिर्यदि केवलं पूर्वार्धे स्यात्तर्हि आदिविपुला। यदि च केवलमन्त्येऽर्धे स्यात्तर्हि अन्त्यविपुला। यदि चोभयोरर्धयोः पूर्वोक्तं लक्षणं समन्वियात्तर्हि उभयविपुला सा। इह च 'शकलयोर्द्वयोः' इत्युक्त्या केवलमुभयविपुला लक्षिता।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

लार्या भवति। अत्र गणत्रये पादविश्रान्तिर्न स्यादित्येवोच्यते, तद् वर्जयित्वा चतुर्थे गणे यत्र कुत्रापि भवतु पादसमाप्तिरिति नास्ति नियमः। अस्य लक्षणस्यापि पूर्वोक्तरीत्यास्मिन्नेव चिह्निते समन्वयः कार्यः। नात्र प्रथमगणत्रयान्ते यतिः। अपितु गणत्रयमतीत्य 'मम्' अत्र पूर्वार्धे 'गो' अत्र चोत्तरार्धे पादसमाप्तिः। अन्यच्च सर्वमार्यासामान्यलक्षणमत्र घटते एव। अत इयं विपुलार्या ॥ ४ ॥

हिं० टी०—जिस आर्या के दोनों दलों में प्रथम तीन गणों के बाद पाद की समाप्ति होती है उसे पिंगलाचार्य विपुला कहते हैं।

यहाँ यद्यपि यह नहीं कहा गया कि फिर पादसमाप्ति कहाँ पर हो तथापि प्रत्यासत्त्या यह कहा जा सकता है कि चतुर्थ गण पर पादसमाप्ति हो। परन्तु यह आशङ्का फिर भी बनी रह जाती है कि चतुर्थ गण के अन्त में या अन्यत्र कहाँ पर पादसमाप्ति हो। यहीं लक्षण के पूर्वार्ध में चतुर्थ गण की तीसरी मात्रा 'मम्' पर पादसमाप्ति हुई है और उत्तरार्ध में दूसरी मात्रा 'गो' पर पादसमाप्ति हुई है। अतः इस लक्षण के अनुसार निश्चित नहीं किया जा सकता कि कहाँ पर पादसमाप्ति हो, इसके अतिरिक्त कि तृतीय गण के अन्त में १२ वीं मात्रा पर पादसमाप्ति नहीं होती। तात्पर्य यह है कि पथ्यार्या न होनी चाहिये ॥ ४ ॥

चपलालक्षणम्—

१गु २ज गु३गु ज४ गु५ ज६ ७ गु०
। । ऽ, । ऽ ।, ऽ ऽ । ऽ ।, ऽ ऽ, । ऽ ।, ऽ ऽ, ऽ
उभयार्धयोर्जकारौ द्वितीयतुर्यौ गमध्यगौ यस्याः।
१गु २ज गु३गु ४ज गु५ ६ल ७ गु
। । ऽ, । ऽ ।, ऽ ऽ, । ऽ ।, ऽ ऽ, । ऽ, ऽ, ऽ
चपलेतिनाम तस्याः प्रकीर्तितं नागराजेन ॥ ५ ॥

सं० टी०—चपलां लक्षयति—उभयार्धयोरित्यादिना। अन्वयः—यस्याः उभयार्धयोः द्वितीयतुर्यौ गमध्यगौ जकारौ (स्याताम्) तस्या नागराजेन चपलेति नाम प्रकीर्तितम्। व्याख्या—यस्याः—आर्यायाः, उभयार्धयोः—

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

दलयोः, पूर्वार्धे उत्तरार्धे चेत्यर्थः। द्वितीयतुर्यौ—द्वितीयचतुर्थौ गणौ, गमध्यगौ—गयोः—गुर्वोः, मध्यगतौ, जकारौ—द्वौ जगणरूपौ स्याताम्। तस्याः नागराजेन—पिङ्गलमुनिना, 'चपला' इति नाम प्रकीर्तितम्—कथितम्।

अत्रैव लक्षणसमन्वयो भवति। तथाहि प्रथमे दले 'षयोर्जं' ।ऽ। इति द्वितीयो गणो मध्यगुरुतया जगणरूपः, किंच—'या ऽ—का ऽ' इत्येतयोर्द्वयोर्गुर्वोर्मध्यगतोऽपि स विद्यते। एवं 'द्वितीय' ।ऽ। इत्ययं चतुर्थोऽपि जगण एव, अपि च 'रौ ऽ—तु ऽ' इत्येतयोरुभयोर्गुर्वोर्मध्यगतश्चायम्। तथा उत्तरार्धं 'तिनाम' ।ऽ। इति जगणरूप एव द्वितीयो गणः, किं चायं 'ले ऽ—त ऽ' इत्यनयोर्गुर्वोर्मध्यगतोऽप्यस्ति। एवं च 'प्रकीर्ति' ऽ।ऽ इत्ययं चतुर्थोऽपि जगण एव, 'स्याः ऽ—तं ऽ' इत्येतयोर्गुर्वोर्मध्यगतश्च। अत्रोत्तरार्धे 'न' इत्यन्तिमो गुरुतयापेक्षितोऽपि लघुः 'वा पादान्ते' इति नियमेन गुरुरेवेति ज्ञेयम्। किं च षष्ठो गणोऽपि जगण एव, आर्यासामान्यलक्षणोक्तत्वादित्यपि समवधेयम्। उदाहरणान्तरं यथा—

चपला न चेत्कदाचिन्नृणां भवेद्भक्तिभावना कृष्णे।
धर्मार्थकाममोक्षास्तदा करस्था न सन्देहः॥

अत्र स्वयमुक्तदिशा लक्षणसमन्वयो विधेयः॥ ५॥

हिं० टी०—जिस आर्या के दोनों दलों में द्वितीय और चतुर्थ गण जगण रूप हों तथा वह जगण दो गुरुओं के मध्य में हो अर्थात् दोनों ओर से गुरु हों उसका पिंगल मुनि ने 'चपला' नाम कहा है।

तात्पर्य यह है कि चपला में प्रथम गण अन्त गुरु, द्वितीय जगण, तृतीय दो गुरु वाला, चतुर्थ जगण और पञ्चम गण आदि गुरु होना चाहिये। पादसमाप्ति के लिये पथ्या का साधारण नियम ही रहेगा, प्रथम और तृतीय चरण में १२ मात्रायें और द्वितीय में १८ तथा चतुर्थ में १५ मात्रायें होंगी। लक्षणसमन्वय संस्कृत टीका में किया गया है, वहीं देखें॥ ५॥

मुखचपलालक्षणम्—

१ गु २ ज गु३गु ४ ज गु५ ६ ज ७ गु
ऽ ऽ, ।ऽ ।, ऽ ऽ, ।ऽ ।, ऽ । ।, ।ऽ।, ऽ ऽ, ऽ
आद्यं दलं समस्तं भजेत लक्ष्म चपलागतं यस्याः।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

१ २ ३ ४ ५ ६ल ७ गु

SS, S।।, S S, ।।।।।S, S।, S, ।।, S

शेषे पूर्वज-लक्ष्मा-मुखचपला सोदिता मुनिना ॥ ६ ॥

सं० टी०—मुखचपलां लक्षयति–आद्यमित्यादिना । अन्वयः–यस्या आद्यं दलं चपलागतं समस्तं लक्ष्म भजेत । (च) शेषे पूर्वजलक्ष्मा (स्यात्) सा मुनिना मुखचपला उदिता । व्याख्या—यस्याः आर्याया इत्यर्थः आद्यम्-प्रथमम् । दलम्–शकलम्, पूर्वार्धमित्यर्थः चपलागतम्–चपलोक्तम्, समस्तम्–सर्वमपि, लक्ष्म–लक्षणम्, भजेत–अनुसरेत्, अर्थात् चपलोक्तं लक्षणं यत्र प्रथमे दले युक्तं स्यात् । च–किंच, शेषे–अवशिष्टे भागे, उत्तरार्धे इत्यर्थः, पूर्वजलक्ष्मा–पूर्वजम्–पूर्वोक्तम्, आर्यासामान्यम्, पथ्योक्तम्, विपुलोक्तं वा लक्ष्म–लक्षणम्, यस्याः, पथ्या–विपुलालक्षणयुक्तेत्यर्थः, सा–आर्या, आर्या-प्रकारः, मुनिना–पिंगलेन, मुखचपला, उदिता–कथिता ।

अत्र पूर्वार्धे 'दलं स ।S।' इति द्वितीयो गणो जगणः, स च 'द्यं S–मं S' इत्येतयोः प्रथमगणान्तगुरोस्तथा तृतीयगणाद्यगुरोरुभयोर्मध्यगतः एवं 'भजेत ।S।' इति चतुर्थो गणो जगण एव, स च 'स्तं S' इत्यस्य तृतीय-गणान्तगुरोः प्राक्स्थितस्य तथा 'ल S' इत्यस्य पञ्चमगणगुरोरग्रे स्थितस्य च मध्यगत इति सुसमन्वितमिह पूर्वार्धे चपलालक्षणम् । उत्तरार्धे च पथ्यालक्षणं समन्वितमस्ति । उत्तरार्धस्य विपुलारूपत्वेऽपीयं भवति । तद्यथा—

विपुलाऽभिजातवंशोद्भवापि, रूपातिरेकरम्यापि ।
निःसार्यते गृहाद्वल्लभापि, यदि भवति मुखचपला ॥

अत्र पूर्वार्धे चपलालक्षणमपि संघटितं भवति । उत्तरार्धे च 'पि' इत्यत्र पादसमाप्तिः, गणत्रयमुल्लङ्घ्य वर्तते । अतो विपुलाक्रान्तमुत्तरार्धम् । तथा चेयं विपुलाक्रान्ता मुखचपला ॥

हिं० टी०—जिस आर्या का पूर्वार्ध चपला के सम्पूर्ण लक्षण से युक्त हो और उत्तरार्ध आर्या पथ्या व विपुला के सामान्य लक्षण से युक्त हो आर्या के उस प्रकार को पिंगल मुनि ने मुखचपला कहा है ।

यहाँ पर पूर्वार्ध में 'दलं ।S स S' यह द्वितीय गण और 'भजेत ।S।' यह

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

चतुर्थ गण जगण हैं और दोनों 'चं ऽ–म ऽ' इन गुरुओं के तथा 'स्तंऽ–लं ऽ' इन गुरुओं के मध्य में क्रम से है। अतः यह पूर्वार्ध चपला का है। उत्तरार्ध में पथ्यार्या साधारण रूप में है क्योंकि आर्या का सामान्य लक्षण उसमें घटता है और तृतीय गण के अन्त में ११ वीं मात्रा पर पाद की समाप्ति हुई है। अतः यह मुखचपला का उदाहरण है। विपुला से मिली भी मुखचपला होती है। 'विपुला—' इत्यादि संस्कृत टीका में कहे पद्य के पूर्वार्ध में चपला है और उत्तरार्ध में तीन गणों से आगे 'पि' पर पादसमाप्ति होने के कारण विपुला है। अतः यह विपुलामिश्रित मुखचपला हुई॥ ६॥

जघनचपलालक्षणम्—

१ २ ३ ४ ५ ६ ज ७ ८ गु
ऽ। ।, ऽ।।, ।ऽऽ, ।।ऽ, ।।ऽ, ।ऽ ।, ।।ऽ, ऽ
प्राक् प्रतिपादितमर्धे प्रथमे प्रथमेतरे तु चपलायाः।
१ गु २ज गु ३ ४ ज गु ५ ६ल ७ गु
ऽऽ, ।ऽ। ऽ ऽ, ।ऽ।, ऽऽ, । ।।।।ऽ
लक्ष्माश्रयेत सोक्ता विशुद्धधीभिर्ज–घनचपला॥ ७॥

सं० टी०—जघनचपलां लक्षयति—प्रागित्यादिना। **अन्वय**—(या आर्या) प्रथमे अर्धे प्राक् प्रतिपादितम् (लक्ष्म); प्रथमेतरे तु चपलायाः लक्ष्म आश्रयेत। सा विशुद्धधीभिर्जघनचपला उक्ता। **व्याख्या**—या आर्या प्रथमे–आद्ये, अर्धे–अर्धभागे पूर्वार्धे इत्यर्थः, प्राक्–पूर्वम्, प्रतिपादितम्–उक्तम्, अर्थादार्यासामान्यम्, पथ्याया विपुलायाश्चेति यावत्, लक्ष्म आश्रयेत इति शेषः। प्रथमेतरे–द्वितीये अर्थादुत्तरार्धे, चपलायाः लक्ष्म–लक्षणम्, आश्रयेत–भजेत, सा आर्या, विशुद्धधीभिः–विशुद्धा–छन्दोविवेचन-निपुणा, धीर्येषां तैः, पिङ्गलादिभिराचार्यैः, जघनचपला, उक्ता। मूलश्लोके चिह्नैरङ्कितैः समन्वयः कार्यः। यथा वा मम—

१ २ ३ ४ ५ ६ज ७ ८गु
ऽऽ, ऽऽ, ।।ऽ, ऽ।।, ।।।।, ।ऽ।, ।।ऽ, ऽ
बुद्धो योगी विदितो यौवनमदलवविहीन–करुणाब्धिः।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

१गु, २ज, ३गु, ४ज गु ५ ६ल ७ गु०
ऽ ऽ । ऽ । ऽ ऽ । ऽ ।, ऽ ।।, ।, ।। ऽ, ऽ
आसीन्नवाङ्गनानां सुदुर्लभो जघन—चपलानाम् ॥

अस्मिन् पद्ये पूर्वार्धमार्यासामान्यस्त्र। उत्तरार्धं च चपलाया इति जघनचपलेयम्। इमे प्रदर्शिता आर्याभेदा विषमच्छन्दांसि प्रतिपादं भिन्नलक्षणत्वात्। आर्यासामान्यमेव विषमं वृत्तमिति समाकलनीयम्।

हिं० टी०—जिस आर्या के प्रथम अर्ध में आर्या का सामान्य लक्षण घटता हो और उत्तरार्ध में चपला का। उसे छन्दःशास्त्र के विद्वान् 'जघनचपला' कहते हैं। पूर्वोक्त मुखचपला के पूर्वार्ध उत्तरार्ध का परिवर्तन करने से 'जघनचपला' होती है।

इत्यार्याप्रकरणम्।

———

अथ गीतिप्रकरणम्।

गीतिलक्षणम्—

१ २ ३ ४ ५ ज६ ७ गु०
ऽ ऽ, ।।।।, ऽ ऽ, ।। ।, ।।। । ऽ, । ऽ।, ऽ।, । ऽ
आर्याप्रथमदलोक्तं यदि कथमपि लक्षणं भवेदुभयोः।
१ २ ३ ४ ५ ६ज ७ गु०
।। ऽ, ।।।।, ऽ ऽ, ऽ ऽ, ऽ ऽ, । ऽ ।, ऽ ऽ, ऽ
दलयोः कृतयतिशोभां तां गीतिं गीतवान्भुजङ्गेशः ॥ ८ ॥

सं० टी०—गीतिं लक्षयति–आर्या इत्यादिना। अन्वयः–आर्याप्रथमदलोक्तं लक्षणं कथमपि उभयोर्दलयोर्भवेत्। (तर्हि) भुजङ्गेशः कृतयतिशोभां तां गीतिं गीतवान्। व्याख्या–आर्यायाः प्रथमदले–पूर्वार्धे, प्रथमद्वितीयचरणयोरिति यावत्, पूर्वार्द्धविषये इति तात्पर्यम्, उक्तम्–कथितम्, लक्षणम्–'लक्ष्मैतत्सप्त गणा गोपेताः' इत्यादिरूपम्, त्रिंशन्मात्रारूपमित्यर्थः। यदि कथमपि–केनापि प्रकारेण। एतदुक्तं भवति–यद् द्वितीयेऽप्यर्धे षष्ठो

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

गणो जकारो (।ऽ।) नलघुरूपो (।।।।) वा भवेत्। अनेनैव प्रकारेण द्वितीयार्धं पूर्वार्धसमं भवति। यथा चोक्तं श्रुतबोधे—'आर्यापूर्वार्धसमं द्वितीयमपि भवति यत्र हंसगते। छन्दोविदस्तदानीं गीतिं ताममृतवाणि भाषन्ते'। षष्ठगणो जगणो नलघुरूपो वा द्विधा। उभयोः द्वयोरेव, दलयोः—अर्द्धयोः, भवेत्। तर्हि भुजङ्गानाम्—सर्पाणाम्, ईशः—स्वामी, शेषनागः, इह तदवतारभूतः पिङ्गलमुनिः, कृतयतिशोभाम्—कृता, यत्या—विरामरूपया, शोभा—श्रवणसौन्दर्यं, यस्यास्ताम्, हेतुगर्भं विशेषणम्। ताम्—पूर्वोक्तलक्षणलक्षितामार्याम्, गीतिम्—गीतिनाम्नीम्, गीतवान्—कथितवान्, तस्या गीतिरिति संज्ञां कथितवानित्यर्थः।

अयमाशयो यद् गीत्यां पूर्वार्धमार्यासमं गुरुयुक्तसप्तगणोपेतं भवति उत्तरार्धमपि च पूर्वार्धवदेव त्रिंशन्मात्रात्मकम्, न तु षष्ठगणस्य लघुरूपत्वेन सप्तविंशतिमात्रात्मकम्। किं चैवं गीतिरर्धसमा, अस्याः प्रथमतृतीयचरणयोः प्रत्येकं द्वादशमात्राः, तृतीयचतुर्थयोश्च प्रत्येकमष्टादशेति फलति। अतः पूर्वोत्तरार्धयोः समानतयोभयत्र यतिरपि समानैवेति श्रवणसौन्दर्यमिह समुद्भासते। किञ्चात एवास्या गाने मनोहरता। गीयते इति गीतिरित्यन्वर्थेयं संज्ञा। समन्वयस्तु सरलः। उत्तरार्धे 'तवान्भु ।ऽ। इति षष्ठो गणो जगण इति पूर्वार्धसममस्तीति गीतिरियम्॥ उदाहरणान्तरं यथा—

मधुरं वीणारणितं पञ्चमसुभगश्च कोकिलालापः।
गीतिः पौरवधूनामधुना कुसुमायुधं प्रबोधयति ॥ ८ ॥

हिं० टी० आर्या के पूर्वार्ध का जो लक्षण कहा गया है यदि वह दोनों—पूर्वार्ध और उत्तरार्ध—में हो तो यति की शोभा से युक्त उस छन्द को पिङ्गल मुनि ने 'गीति' कहा है।

गीति के पूर्वार्ध में आर्या के समान एक गुरु सहित सात गण अर्थात् ३० मात्रायें होती हैं और उत्तरार्ध में भी। इससे गीति अर्धसम छन्द हुआ। इसी लिये इसमें यति का स्थान दोनों दलों में एक होने से, सुनने में मनोहरता आ जाती है। इसी कारण इसे 'गीति' कहा गया है। आजकल जो छन्द गाये जाते हैं उन्हें साधारण रूप से गीति कहा जाता है। हिन्दी

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

के 'गीतिका' और 'हरगीतिका' छन्द भी गाने से सम्बन्ध रखने के कारण ही उक्त नाम से कहे गये हैं ॥ ८ ॥

उपगीतिलक्षणम्—

१ , २ , ३ , ४ , ५ , ६ल, ७,गु
ऽऽ।ऽ।ऽऽ ऽ।।ऽ ऽ।ऽ ऽऽ
आर्याद्वितीयकेऽर्धे यद्गदितं लक्षणं तत्स्यात् ।
१ , २ , ३ , ४ , ५ , ६ल, ७,गु
ऽ।।ऽ।। ।।ऽ।।ऽऽ ऽ ।ऽऽ
यद्युभयोरपि दलयोरुपगीतिं तां मुनिर्ब्रूते ॥ ९ ॥

सं० टी०—उपगीतिं लक्षयति—आर्या इत्यादिना । अन्वयः—आर्याद्वितीयकेऽर्धे यत् लक्षणं गदितम्, तद् यदि, उभयोः अपि दलयोः स्यात्, (तर्हि) मुनिः ताम् उपगीतिं ब्रूते । व्याख्या—आर्यायाः, द्वितीयके—द्वितीये उत्तरे इत्यर्थः, अर्धे—अर्धभागे, उत्तरार्धे इति भावः, तद्विषये इत्यर्थः, विषयसप्तमी, यत् लक्षणम्—'इह भवति षष्ठो लः' इत्येवं रूपम्, गदितम्—कथितम् । तद् यदि उभयोः—द्वयोरपि, दलयोः—भागयोः, स्यात् । तर्हि मुनिः—पिङ्गलाचार्यः ताम्—पूर्वोक्तलक्षणाम्, उपगीतिम्—एतन्नाम्नीम्, ब्रूते—कथयति । एतल्लक्षणलक्षिताया आर्यायाः पिङ्गलमुनिना 'उपगीतिः' इति संज्ञा कथितेति भावः ।

उपगीत्याः प्रत्येकस्मिन् दले गुरुयुक्तसप्तगणरूपाः सप्तविंशतिर्मात्रा भवन्ति । षष्ठो गणश्च द्वयोरेव दलयोरेकलघुरूप एव भवति । यथा—इहैव 'क्ष' 'मु' इति । उभयार्धयोः समत्वादियमपि गीतिवदर्धसमं छन्दः । अस्याः प्रथमतृतीयचरणयोः प्रत्येकं द्वादशमात्राः, तथा द्वितीयचतुर्थयोः प्रत्येकं पञ्चदशेति भवत्यस्या अर्धसमत्वम् ॥ उदाहरणान्तरं यथा—

विषयामिषाभिलाषः करोति चित्तं सदा चपलम् ।
वैराग्यभावनानां तथोपगीत्या भवेत् स्वस्थम् ॥

अत्र द्वयोर्दलयोः 'स' 'भ' इति एकलघुरूपः षष्ठो गणः ॥ ९ ॥

हिं० टी०—आर्या के उत्तरार्ध का जो लक्षण कहा गया है यदि उस

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

लक्षण के अनुसार दोनों भाग—पूर्वार्ध और उत्तरार्ध—बने हों तो उसे पिङ्गल मुनि 'उपगीति' छन्द कहते हैं।

उपगीति के प्रत्येक भाग में सत्ताईस मात्राएँ होती हैं। प्रत्येक चरण की मात्राएँ पृथक् पृथक् इस प्रकार होंगी—पहले और तीसरे में बारह-बारह, दूसरे और चौथे चरण में पन्द्रह-पन्द्रह मात्रायें। इस प्रकार सात गण और एक गुरु भी पूरा हो जाता है। क्योंकि छठा गण एक लघु—एक मात्रा रूप—होता है। शेष छः गणों की २४ और गुरु की २ मात्राएँ सब मिलाकर सत्ताईस मात्रायें हो जाती हैं। गीति के समान यह भी अर्धसम छन्द है॥९॥

उद्गीतिलक्षणम्

१, २, ३. ४. ५. ६ल, ७,गु

S S I I S I I S S I I I I S I S S S S

आर्याशकलद्वितयं व्यत्यय-रचित भवेद्यस्याम्।

१, २, ३, ४, ५, ६ज, ७, गु

S S S I I I I S S S S S I S I S S S

सोद्गीतिः किल कथिता तद्वद्यत्यंशभेदसंयुक्ता॥ १०॥

सं० टी०—उद्गीतिं लक्षयति—**आर्या** इत्यादिना। **अन्वयः**—यस्याम् आर्याशकलद्वितयं व्यत्ययरचितं भवेत्, सा तद्वत् यत्यंशभेदसंयुक्ता किल 'उद्गीतिः' कथिता। **व्याख्या**—यस्याम्, आर्यायाः शकलद्वितयम्—खण्ड-द्वयम्, व्यत्ययेन—विपर्ययेण, रचितम्, भवेत्। अर्थात् पूर्वार्धः उत्तरार्धलक्षण-युक्तः उत्तरार्धश्च पूर्वार्धलक्षणयुक्तः स्यात्। सा—उक्तलक्षणा, तद्वत्—आर्यावत्, यत्या—विरामेण यः, अंशभेदः—पादभेदः, तेन संयुक्ता—सहिता, किल—प्रसिद्धौ, पिङ्गलादिभिराचार्यैरुक्तत्वात्प्रसिद्धिः 'उद्गीतिः' कथिता—प्रतिपादिता।

विपर्ययरचितेयमार्यारूपैव। अत एवेयमपि विषमच्छन्दः, प्रतिपादं भिन्नलक्षणसत्त्वात्। तथाहि-अस्याः प्रथमे चरणे द्वादश, द्वितीये पञ्चदश, तृतीये द्वादश, चतुर्थे चाष्टादशमात्रा भवन्ति। आर्याया उत्तरार्धं एकमात्रा-रूपैकलघुस्वरूपषष्ठगणसहितसप्तगणा एको गुरुश्चेति संकलिताः सप्तविंश-तिर्मात्राः। ताश्चेह पूर्वार्धे सन्ति। किं च—आर्यायाः पूर्वार्धं अपेक्षिता एकगुरु-

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

युतसगणानां त्रिंशन्मात्रा इहोत्तरार्धे सन्ति। आर्यावदिहापि विषमगणेषु जगणो न स्यादित्यवसेयम्। लक्षणसमन्वयस्तूक्त एव॥ उदाहरणान्तरं यथा—

एषा तवापरोद्गीतिरत्र विपुला परिभ्रमति।
तद्वल्लभापि यत् कीर्तिरखिलदिक्पालपार्श्वमुपयाति॥

अपि च—सकलं प्रसादयन्ती विमलतमा धूतविधुमाना।
नवकामिनीव कविजनशरणा सा बाणभारती भाति॥ १०॥

हि० टी०—जहाँ पर आर्या के दोनों भाग विपरीत क्रम से हों अर्थात् पूर्वार्ध को उत्तरार्ध और उत्तरार्ध को पूर्वार्ध बना लिया जाय तथा आर्या के समान ही यति और पाद व्यवस्था हो, उसको 'उद्गीति' कहते हैं।

उद्गीति के पूर्वार्ध में सत्ताइस मात्रायें होती हैं। गुरु सहित सात गण होते हैं। पर छठा गण एक लघु रूप होता है। उत्तरार्ध में सात गण गुरु सहित होते हैं जिससे तीस मात्रायें हो जाती हैं। इसके प्रथम तथा तृतीय चरण में बारह-बारह, द्वितीय में पन्द्रह और चतुर्थ में अठारह मात्रायें होती हैं। विषमगण जगण न होना चाहिये। आर्या के समान ही यह विषम छन्द है। भेद पूर्वार्ध के उत्तरार्ध और उत्तरार्ध के पूर्वार्ध बनने में है।

आर्यागीतिः -

१ २ ३ ४ ५ ६ज ७ ग ग
ऽ ऽ, ऽऽ ऽ, ।।, ।।ऽ,ऽ ऽ, । ऽ ।, ।।ऽ, ऽ, ऽ

आर्यापूर्वार्धं यदि गुरुणैकेनाधिकेन निधने युक्तम्।

१ २ ३ ४ ५ ६ज ७ ग ग
।।ऽ,ऽऽ।, ।।ऽ, ।ऽ।, ऽ।।, ।ऽ।, ऽऽ, ऽ, ऽ

इतरत्तद्वन्निखिलं दलं यदीयमुदितेयमार्यागीतिः॥ ११॥

सं० टी०—आर्यागीतिं लक्षयति—आर्या इत्यादिना। अन्वयः—यदि आर्यापूर्वार्धं निधने एकेन अधिकेन गुरुणा युक्तम्, (स्यात्)। (किं च) यदीयम् इतरद् दलं निखिलं तद्वत् (स्यात्)। इयम् आर्यागीतिः उदिता। व्याख्या—यदि, आर्यायाः पूर्वार्धम्, निधने—अन्ते, एकेन अधिकेन गुरुणा युक्तम्, स्यादिति शेषः। इदं पूर्वार्धलक्षणमुक्तम्, उत्तरार्धमपि पूर्वार्धसममेवे-

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

त्याह—किं च, यदीयम्—यत्सम्बन्धि, यस्याः, इतरद्—अन्यत्, उत्तरार्धमिति यावत्, दलम्—भागः, निखिलं—समग्रम्, सर्वप्रकारेण गणसंख्या यतिचरण-भेदरूपेण, तद्वत्—पूर्वार्धवत्, स्यादिति शेषः। इयम्—उच्यमानलक्षणा, आर्यागीतिः—एतन्नाम्नी, उदिता—कथिता, पूर्वाचार्यैः पिङ्गलादिभिरिति शेषः।

आर्यागीत्याः पूर्वोत्तरार्धयोरपि अष्टौ अष्टौ गणा भवन्ति, किन्तु अष्टमो गणः अन्तगुरुरूप एव भवति। एवं च प्रतिभागे द्वात्रिंशन्मात्रा भवन्ति। सर्वाः संकलिताश्चतुष्षष्टिर्मात्राः। पथ्यासंयुक्ताया अस्याः प्रथमतृतीययोः प्रत्येकं द्वादश, द्वितीयचतुर्थयोश्च प्रत्येकं विंशतिर्मात्रा भवन्तीति फलितार्थः। एवं चपलादियुक्ताया अपि स्वयमूह्यम्। अत एवेयमर्धसमं छन्दः। विषमस्थलेषु जगणो न स्यादिति पूर्ववदेव बोध्यम्। लक्षणसमन्वयस्तु प्रदर्शितो रेखाङ्कितऽकारेण लक्षणपद्ये। तथाहि—सप्तगणानन्तरं 'युक्तम् ऽऽ' इत्यष्टमश्चतुर्मात्रारूपो गणः पूर्वार्धे, उत्तरार्धे च 'गीतिः ऽऽ' इत्यष्टमो गणः। इदमपरमुदाहरणम्—

अजमजरममरमेकं प्रत्यक् चैतन्यमीश्वरं ब्रह्म परम्।
आत्मानं भावयतो भवमुक्तिः स्यादितीयमार्यागीतिः॥

अत्र लक्षणसमन्वय उक्तप्रकारेण स्वयमूहनीयः॥ ११॥

हिं० टी०—यदि आर्या के पूर्वार्ध में अन्त में एक गुरु अधिक रख दिया जाय अर्थात् सातगणों के अनन्तर चार मात्रा का आठवां भी गण हो और उत्तरार्ध जिसका पूर्वार्ध के सर्वथा समान हो अर्थात् यति, चरण समाप्ति आदि भी पूर्वार्ध के जैसे ही हों—तो इसे आर्यागीति छन्द कहते हैं।

आर्यागीति अर्धसम छन्द है। इसके पूर्वार्ध उत्तरार्ध समान होते हैं। प्रत्येक में बत्तीस २ मात्रायें होती हैं। जब यह पथ्या मिश्रित हो तब प्रथम और तृतीय में बारह २, और द्वितीय तथा चतुर्थ चरण में बीस २ मात्रायें होती हैं। चपलादियुक्त की मात्रायें प्रतिचरण की उन्हीं के अनुसार होंगी। प्रत्येक दल में आठ गण होते हैं। आठवां गण अन्तगुरु होना चाहिये। विषम गण यथापूर्व जगण न आना चाहिये। लक्षण वाक्य में ही पूर्वोक्त प्रकार से लक्षण का समन्वय कर लेना चाहिये॥ ११॥

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

वैतालीयप्रकरणम् ।

(मात्रिकार्धसमानि)

वैतालीयलक्षणम्—

६ मात्रा र० ल गु ८ मात्रा र ल गु

S I I S, S I S, I S SI I I S S I S, I S I S

षड् विषमेऽष्टौ समे कलाः, ताश्च समे स्युर्नो निरन्तराः ।
न समाऽत्र पराश्रिता कलाः वैतालीयेऽन्ते रलौ गुरुः ॥ १२ ॥

सं० टी०—अथ वैतालीयं लक्षयति—षडित्यादिना । **अन्वयः**—वैतालीये विषमे (पादे) षड् (कलाः) स्युः , समे (पादे) अष्टौ कलाः स्युः । अन्ते रलौ गुरुः । समे च ताः (कलाः) निरन्तरा नो स्युः । अत्र समा कला पराश्रिता न (भवति) । **व्याख्या**—वैतालीये—एतन्नामके छन्दसि, विषमे अर्थात् पादे, प्रथमे तृतीये च, षट्, कलाः—मात्राः स्युः । समे पादे द्वितीये चतुर्थे चरणे इत्यर्थः, अष्टौ कलाः स्युः । अन्ते—उक्तानां मात्राणां परस्तात् , द्वयोः समयोः विषमयोश्च पादयोः, रलौ-रगणलघू , गुरुश्च भवन्तीति शेषः । अयमाशयः—विषमे पादे चतुर्दश, समे च षोडश मात्राः अत्र कार्याः । तासु अन्तिमा अष्टौ मात्रा रगणलघुगुरुरूपाः कार्याः । एतावान् वैतालीये छन्दसि साधारणो नियमः ।

रगणलघुगुरुभ्योऽवशिष्टानां विषमे षण्णां समे चाऽष्टानां मात्राणां निवेशने विशेषनियममाह—ताश्चेति । समे पादे च ताः कला नि न्तराः—व्यवधानशून्याः, केवलाः अष्टौ यद् विषमे प्रथमे तृतीये तु नैव नियम इति तत्र यथेच्छं केवला लघवः प्रयोक्तुं शक्यन्ते इति । किञ्च अत्र-अवशिष्टासु षट्सु अष्टसु च कलासु, समा द्वितीया, चतुर्थी, षष्ठी च, कला—मात्रा, पराश्रिता—परया तृतीयपञ्चम-सप्तमकलया, आश्रिता—मिश्रिता, न, भवतीति शेषः । अयमभिप्रायः—द्वितीयतृतीययोः, चतुर्थपञ्चमयोः षष्ठसप्तमयोश्च कलयोरेकेन गुरुणोपादानं न कार्यम् । पराश्रितत्वस्यैव प्रतिषेधे पूर्वाश्रितत्व-मनुमतमिति लभ्यते । एष च नियमो वैतालीयस्य साधारणः । अत एव वैतालीयविशेषेषूदीच्यवृत्तिप्रभृतिषु तत्र तत्र विशेष उक्तः ।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

लक्षणसमन्वयो यथात्रैव प्रथमे पादे 'षड् विषमे ऽ ।।ऽ' इत्येतावत्पर्यन्तं षण्मात्राः, ततः 'ष्टौ समे ऽ ।ऽ' इति लघुमध्यो रगणः, ततश्च 'कलाः । ऽ' इति क्रमेण लघुगुरू। द्वितीये पादे च 'ताश्च ऽ। समे ऽ। स्युः ऽ' इत्येतावत्पर्यन्तमष्टौ मात्राः, ततः 'नी निर ऽ ।ऽ' इति लघुमध्यो रगणः, ततश्च 'न्तराः ।ऽ' इति क्रमेण लघुगुरू। एवं तृतीये चतुर्थेऽपि समन्वयः कार्यः। किं च नात्र समा कला पराश्रितेति चिह्नैः स्वयञ्ज्ञेयम्। इदं च वैतालीयं छन्दोऽर्धसमं वृत्तम्। अस्य समचरणयोः द्वितीयचतुर्थयोः, विषमचरणयोः प्रथमतृतीययोश्च परस्परं समानत्वात्।

उदाहरणान्तरं यथा छन्दोवृत्तौ—

क्षुत्क्षीणशरीरसञ्चया व्यक्तीभूतशिरोऽस्थिपञ्जराः।
केशैः परुषैस्तवारयो वैतालीयतनुं वितन्वते॥

समन्वयः स्वयं विधेयः॥ १२॥

हिं० टी०—जिसके विषम–प्रथम और तृतीय–चरणों में ६ मात्रायें तथा सम–द्वितीय और चतुर्थ–चरणों में ८ मात्रायें हों और इन मात्राओं के अनन्तर दोनों सम विषम में एक रगण, एक लघु और एक गुरु क्रम से आयें उसे बैतालीय छन्द कहते हैं।

सम चरणों में मात्रायें निरन्तर न हों अर्थात् सब लघु रूप न हों, विषम में चाहे हों चाहे न हों। इसमें सम मात्रा-द्वितीय, चतुर्थ, छठी–आगे वाली तीसरी, पाँचवीं मात्रा तथा छठी और सातवीं मात्रा एक गुरु रूप में न हों। विषम मात्रा के लिये स्वतन्त्रता है।

तात्पर्य यह है कि वैतालीय छन्द के विषम चरणों में १४ और सम चरणों में १६ मात्रायें होती हैं तथा विषम में ६ और सम में ८ मात्राओं के बाद रगण लघु और गुरु होना चाहिये।

विषमपाद की प्रथम ६ मात्रायें प्रस्तार की रचना के अनुसार आठ प्रकार से आ सकती हैं—

१,	२,	३,	४,	५,	६,	७,	८,
ऽऽऽ	।।ऽऽ	ऽ।।ऽ	।।।।ऽ	ऽऽ।।	।।ऽ।।	ऽ।।।।	।।।।।।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

सम पाद की प्रथम आठ मात्रायें उक्त प्रकार से १३ रूप में आ सकती हैं। वे प्रकार ये हैं—

१, २, ३, ४, ५, ६,

SSSS ||SSS |S|SS ||||||S SS||S ||S||S

७, ८, ९, १०, ११, १२, १३,

S||||S SSS|| ||SS|| S||S|| ||||S|| SS|||| ||S||||

वैतालीय का एक और उदाहरण हिन्दी का दिया जाता है। यथा—

६ मात्रा, र लगु ८ मात्रा, र लगु

| | | | | | S | S | S S S | | | | S | S | S

हर हर भज जाम आठहूँ। जंजालहिं तजि, कै करौ यही।

तन मन धन, दे लगा सबै। हर धामहिं जइहौ सखा सही॥

छन्दः प्रभाकर।

इस उदाहरण में विषम चरणों में 'हर हर भज' 'तन मन धन' यहाँ तक ६ मात्रायें हैं और 'जा S म। आ S' 'दे S ल। गा S' यह रगण और 'ठहूँ |S' 'सबै |S' यह लघु गुरु हैं। सम चरणों में 'जंजालहिं तजि' 'हर धामहिं जइ' यहाँ तक ८ मात्रायें और उसके आगे 'कै करौ' 'ये धरौ' ये रगण तथा 'यहीं' 'सही' लघु गुरु हैं।

वैतालीय छन्द मात्रिक अर्द्धसम है, क्योंकि इसके सम सम और विषम विषम चरण आपस में समान होते हैं॥ १२॥

औपच्छन्दसिकम्—

६ मात्रा, र य ८ मात्रा र य

S S S, S | S, | S S, S S S | |, S | S, | S S

पर्यन्ते यौं तथैव शेषं त्वौपच्छन्दसिकं सुधीभिरुक्तम्॥ १३॥

सं० टी०—अथ वैतालीयविशेषान्निरूपयन् तत्र प्रथममौपच्छन्दसिकं लक्षयति—पर्यन्ते इत्यादिना। इहान्वयः सरलः। यस्य वैतालीयस्येति तु अस्य प्राग् योज्यम्। तु—किन्तु, यस्य वैतालीयस्य पर्यन्ते-विषमसमचरणयोः षण्णामष्टानां च कलानामन्ते, यौं—रश्च यश्चेति द्वन्द्वः, रगणयगणौ इति यावत्, स्याताम्, शेषम्—षड्कलानियमादि, तथैव—पूर्वोक्तवैतालीयसामा-

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

त्रितयमपरमपि पूर्वसदृशमिह भवति

न न न ज य

।।।,।।।,।। ।,।ऽ।, ।ऽऽ

प्रततमतिभिरिति गदितं लघु वृत्तम् ॥ १० ॥

सं० टी०—अथ वर्धमानं लक्षयति—नौ इति। यस्य छन्दसः तृतीयके

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

पादे तृतीये चरणे नौ सनौ नसयुक्तौ—यथाक्रमं नगणद्वयसगणनगणद्वयस-गणाश्च भवेयुः, अपरमपि त्रितयम्, प्रथमद्वितीयचतुर्थरूपम्, पूर्वसदृशम्—उपस्थितप्रचुपितसदृशम्, इह भवति। इति—अमुना प्रकारेण, प्रततमतिभिः—प्रसिद्धबुद्धिभिः, लघु सुन्दरं 'वर्ध[1]मानम्' इति नाम वृत्तं गदितम्—उक्तम्। यतिनियममाह—प्रथमेति। प्रथमाङ्घ्रौ—प्रथमचरणे कृतया यत्या स्तूयते प्रशस्यते प्रशस्ततया पठ्यते इति तत् तादृगिति वर्धमानविशेषणम्। 'तु' इति भिन्ने पदे तु यतिरित्यन्तं पुंल्लिङ्गं स्त्रीलिङ्गं वा नपुंसकेन 'वर्धमानम्' इत्यनेनानन्वितं स्यात्। 'यतीह' इति पाठश्चेत्तर्हि सर्वं सिद्धं स्यात्। इह तृतीये चरणेऽन्ते 'ति' इत्यस्य पादान्तस्थत्वाद् गुरुर्बोध्यः। उदाहरणान्तु यथा वृत्तौ—

म स ज म गुगु
ऽ ऽ ऽ, । । ऽ, । ऽ ।, ऽ । ।, ऽ ऽ
बिम्बोष्ठी कठिनोन्नतस्तनावनताङ्गी

स न ज र गु
। । ऽ, । । ।, । ऽ ।, ऽ । ऽ, ऽ
हरिणी शिशुनयना नितम्बगुर्वी।

न न स न न स
। । ।, । । ।, । । ऽ, । । ।, । । ।, । । ऽ
मदकलकरिगमना परिणतशशिवदना।

न न न ज य
। । ।, । । ।, । । ।, । ऽ ।, । ऽ ऽ
जनयति मम मनसि मुदं मदिराक्षी॥ १०॥

हिं॰ टी॰—जिस छन्द के तृतीय चरण में क्रम से दो नगण, एक सगण, दो नगण और एक सगण मिलाकर १८ वर्ण हों तथा अन्य तीन चरण पूर्वोक्त 'उपस्थितप्रचुपित' छन्द के लक्षण से युक्त हों विद्वान् उस

१ तुगभावस्तु 'आगमशास्त्रमनित्यम्' इति परिभाषाबलात्।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

सुन्दर वृत्त को 'वर्धमान' कहते हैं। यति प्रथम चरण के अन्त में होती है और शेष तीनों चरणों को मिलाकर पढ़ा जाना चाहिये अर्थात् दूसरी यति छन्द के अन्त में ही होगी ॥ १० ॥

शुद्धविराडार्षभम्—

म स ज भ गु गु
ऽ ऽ ऽ, । । ऽ, । ऽ ।, ऽ । ।, ऽ ऽ
अस्मिन्नेव तृतीयके यदा तजराः स्युः।
स न ज र गु
। । ऽ, । । ।, । ऽ ।, ऽ । ऽ, ऽ
प्रथमे च विरतिरार्षभं ब्रुवन्ति।
त ज र
ऽ ऽ ।, । ऽ ।, ऽ । ऽ
तच्छुद्धविराट् पुरःस्थितं
न न न ज य
। । ।, । । ।, । । ।, । ऽ ।, । ऽ ऽ
त्रितयमपरमपि यदि पूर्वसमं स्यात् ॥ ११ ॥

सं० टी०—अथ शुद्धविराडार्षभं लक्षयति—अस्मिन्नेवेति। अन्वयः—अस्मिन्नेव तृतीयके यदा तजराः स्युः, प्रथमे च विरतिः, अपरमपि त्रितयं यदि पूर्वसमं स्यात्। तत् शुद्धविराट् पुरःस्थितमार्षभं ब्रुवन्ति। व्याख्या—अस्मिन्नेव—वर्धमाने एव, उपस्थितप्रचुपिते वा, तृतीयके—तृतीये चरणे, यदा तजराः—तगणजगणरगणाः स्युः। प्रथमे च विरतिः—प्रथमचरणान्ते यतिर्भवेत्। अपरमपि—अन्यच्च, त्रितयम्—चरणत्रयम्, प्रथमद्वितीयचतुर्थरूपम्, यदि पूर्वसमम्—उपस्थितप्रचुपितसमं स्यात्, तदा तत्—पूर्वोक्तलक्षणलक्षितं छन्दः, 'शुद्धविराट्' इति पदं पुरः—पूर्वं स्थितं यस्य तत् तादृशम्, 'आर्षभम्' इति [1]ब्रुवन्ति—कथयन्ति, 'छन्दः—शास्त्राचार्याः' इत्यध्याहार्यम्। उदाहरणान्तरं यथा वृत्तौ—

---

१ 'वदन्ति' इति पाठान्तरम्।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

स ज भ गुगु स न ज र गु
SSS, IIS, IS I,SII,SS IIS, III,IS I,S IS,S
कन्येयं कनकोज्ज्वला मनोहरदीप्तिः, शशिनिर्मलवदना विशालनेत्रा।
त ज र न न न ज य
SSI, ISI,S IS, III,III,III,ISI,ISS
पीनोरु नितम्बशालिनी सुखयतिहृदयमतिशयं तरुणानाम्।
पिङ्गलसूत्रेऽस्य 'शुद्धविराडृषभम्' इति संज्ञा ॥ ११ ॥

हिं० टी०- जिस छन्द के तृतीय चरण में क्रम से नगण, जगण और रगण हो तथा अन्य तीनों चरण 'उपस्थितप्रचुपित' छन्द के लक्षण से युक्त हों तथा यति प्रथम चरण के अन्त में हो उसे 'शुद्धविराडार्षभ' कहते हैं।

इन विषम छन्दों के सरलता से ज्ञान के लिये इनके लक्षण कोष्ठक के द्वारा दिखाये जाते हैं—

छन्दनाम	प्रथमचरण	द्वितीयचरण	तृतीयचरण	चतुर्थचरण
१ उद्गता	स, ज, स, ल १०	न, स, ज, गु, १०	भ,न,ज,ल,गु ११	स,ज,स,ज, गु।
२ सौरभक	उद्गतावत्	उद्गतावत्	र, न, भ, गु १०	"
३ ललित	"	"	न, न, स, स, १२	"
४ उपस्थितप्रचुपित	म,स,ज,भ,गुगु १४	स,न,ज,र,गु १३	न, न, स, ६ वर्ण	न,न,न,ज, य।
५ वर्धमान	"	"	न,न,स,न,न,स १८	"
६ शुद्धविराडार्षभ	"	"	त, ज, र ६ वर्ण	"

इत्युपस्थितप्रचुपितप्रकरणम्।

गाथालक्षणम्—

विषमाक्षरपादं वा, पादैरसमं दशधर्मवत्
यच्छन्दो नोक्तमत्र, गाथेति तत्सूरिभिः कथितम् ॥ १२ ॥

इति श्रीकेदारभट्टविरचिते वृत्तरत्नाकरे पञ्चमोऽध्यायः ॥ ५ ॥

सं० टी०—अथ छन्दोलक्षणमुपसंजिहीर्षुरत्रानुक्तानां छन्दसां सामान्य-

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

संज्ञामाह—विषमेति। विषमाक्षरपादम्–विषमाण्यक्षराणि येषु तादृशाः चरणा यस्य तत्। अक्षराणां वैषम्यं च द्विधा संभवति गुरुलघुक्रमनियम-साम्याभावात् संख्यासाम्याभावाच्चेति द्विविधमपि वैषम्यमिह विवक्षितम्, वा–अथवा, पादैः असमम्–स्वीयैः चरणैः कृत्वा विषमम्, चतुः–संख्या-कपादैरन्यवृत्तैरसमानम्, त्रिपञ्चषडादिपादमित्यर्थः। अत एव—

शेषं गाथास्त्रिभिः षड्भिश्चरणैश्चोपलक्षिताः (वृ० र० १–१८) इति प्रागुक्तम्। दशधर्मवत्–वतिः सादृश्ये, यथा 'दशधर्म' इति तद्वत् त्रिपञ्चषडा-दिपादं छन्दः। 'दशधर्म' पदेन लक्षणया महाभारतस्था षड्पदा गाथोच्यते। सा यथा—

दश धर्मं न जानन्ति, धृतराष्ट्र! निबोध तान्।
मत्तः प्रमत्त उन्मत्तः, श्रान्तः क्रुद्धो बुभुक्षितः॥
त्वरमाणश्च भीरुश्च, लुब्धः कामी च ते दश॥ इति॥

विषमाक्षरपादत्वं पदचतुरूर्ध्वादीनामप्यस्तीत्यत आह—यच्छन्द इति। अत्र यच्छन्दो विशेषतो नोक्तम्, तत् सूरिभिः–छन्दोविद्भिः पण्डितैः गाथेति कथितम्। 'यच्छन्दो नोक्तमत्र' इत्यावृत्त्या स्वातन्त्र्येणापि योज्यम्। तेनात्रा-नुक्तानां सर्वेषां विषमवृत्तानां समवृत्तानां च 'गाथा' संज्ञा भवतीति बोध्यम्। पिङ्गलेऽपि सामान्येनैवमुक्तम्–'अत्रानुक्तं गाथा' (पि० सू० ८–१) विषमा-क्षरपादस्योदाहरणमिदं मूलस्थमेव पद्यम्, तथाहि—पद्येऽस्मिन् प्रथमे चरणेऽष्टौ वर्णाः, द्वितीये च दश, तृतीये सप्त, चतुर्थे नव वर्णाः सन्ति।

'यच्छन्दो नोक्तम्' इत्यस्य स्वातन्त्र्येण व्याख्याने समानामपि गाथात्वं संभवति। दर्शिताश्च समपादा गाथा वृत्त्याद्याकरग्रन्थेषु। इह तु ग्रन्थगौरव-भिया तदुपेक्षा॥ १२॥

हिं० टी०—यदि छन्द के प्रत्येक चरण में वर्णों की संख्या समान न हो अथवा चरण संख्या विषम हो अर्थात् तीन, पांच या छः चरण हों तथा यहाँ उनका निरूपण न किया गया हो और प्रयोग उनका होता हो। ऐसे छन्दों को विद्वान् लोग सामान्य रूप से 'गाथा' कहते हैं।

'विषमाक्षरपाद' का यह पद्य ही उदाहरण है। इसके प्रथम चरण में

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

आठ, द्वितीय में दश, तृतीय में सात और चतुर्थ में नौ वर्ण हैं। विषम पाद का उदाहरण मूल में ही 'दशधर्मवत्' कह दिया गया है। उक्त पद्य के छ चरण हैं। अत एव यह 'गाथा' है।

जो छन्द यहाँ नहीं बताया गया और प्रयुक्त होता है। सामान्य रूप से उसकी संज्ञा 'गाथा' होगी। इस लिये समवृत्त भी गाथा हो सकते हैं ॥१२॥

इति व्याकरणसाहित्याचार्यश्रीधरानन्दशास्त्रिविरचितायां प्राज्ञतोषिणी समाख्यायां वृत्तरत्नाकरव्याख्यायां पञ्चमोऽध्यायः ॥ ५ ॥

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

अथ षष्ठोऽध्यायः ।

प्रत्ययाः—

प्रस्तारो नष्टमुद्दिष्टमेकद्व्यादिलगक्रिया ।
संख्यानमध्वयोगश्च षडेते प्रत्ययाः स्मृताः ॥ १ ॥

सं० टी०—अथाध्यायपञ्चके सर्वविधानि छन्दांसि लक्षयित्वा संप्रति तेषामुत्पत्तिप्रदर्शनार्थमलक्षितानां तत्र तत्र महाकविभिः प्रयुक्तसमादृतानां च वृत्तानां सद्भावोपपत्तये स्वरूपबोधाय च प्रस्तारादीन् षट् प्रत्ययानाह—प्रस्तार इति । १ प्रस्तारः, २ नष्टम् , ३ उद्दिष्टम् , ४ एकद्व्यादिलगक्रिया, ५ संख्यानम् , ६ अध्वयोगश्चेति षट् प्रत्ययाः, स्मृताः प्रतिपादिताः, पूर्वाचार्यैरिति शेषः । प्रतीयते संख्यादिकमेभिरिति प्रत्ययाः, संभावितेषु छन्दस्सु हि एते विश्वासं ख्यापयन्ति । एवं च 'प्रत्ययः' इत्यन्वर्थेयं संज्ञा । अत एव चायं योगरूढः शब्दः व्युत्पत्तिरेव च तत्सामान्यलक्षणमिति समवधेयम् ॥ १ ॥

हिं० टी०—१ प्रस्तार, २ नष्ट, ३ उद्दिष्ट, ४ एकद्व्यादिलगक्रिया, ५ संख्यान, ६ अध्वयोग, ये ६ प्रत्यय कहे गये हैं ।

संख्यादि की प्रतीति इन से होती है अतः इन्हें प्रत्यय कहा गया है । अथवा प्रत्यय का अर्थ विश्वास होता है । विश्वासजनक होने से इन्हें प्रत्यय कहते हैं । संभावित वृत्तों पर इनसे विश्वास होता है । अतः प्रत्यय का लक्षण यह हुआ कि—जिसके द्वारा वृत्त की प्रतीति होती है, उसे प्रत्यय कहते हैं । अथवा जिनके द्वारा संभावित वृत्तों की सत्ता पर विश्वास हो जाता है, उन्हें प्रत्यय कहते हैं ।

इन छहों के पृथक् पृथक् लक्षण निम्नलिखित हैं—

१ प्रस्तार—जिस विधि से वृत्त के भिन्न भिन्न रूपों का पृथक् पृथक् ज्ञान होता है, उसे 'प्रस्तार' कहते हैं ।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

२ नष्ट—नष्ट (अज्ञात) भेद के स्वरूप का ज्ञान जिसके द्वारा हो, उसे 'नष्ट' कहते हैं।

३ उद्दिष्ट—दिये हुए रूप की क्रम संख्या का ज्ञान जिससे होता है उसे 'उद्दिष्ट' कहते हैं।

४ एकद्व्यादिलगक्रिया—जिसके द्वारा यह मालूम होता है कि सम्पूर्ण छन्दों में एक गुरु वाले इतने, दो गुरु वाले इतने इत्यादि, एवं एक लघु वाले इतने दो लघु वाले इतने रूप हैं, इत्यादि प्रकार का ज्ञान होता है उसे 'एकद्व्यादिलगक्रिया' कहते हैं।

५ संख्यान—जिस विधि के द्वारा छन्दों की पूर्ण संख्या का ज्ञान होता है उसे 'संख्यान' कहते हैं।

६ अध्वयोग—जिस विधि के द्वारा—इसको प्रस्तार रचना के लिये कितने स्थान की आवश्यकता है, यह ज्ञान होता है उसे 'अध्वयोग' कहते हैं ॥ १ ॥

प्रस्ताररचनाविधिः—

पादे सर्वगुरावाद्याल्लघुं न्यस्य गुरोरधः।
यथोपरि तथा शेषं भूयः कुर्यादमुं विधिम् ॥ २ ॥
ऊने दद्यात् गुरूनेव यावत्सर्वलघुर्भवेत्।
प्रस्तारोऽयं समाख्यातश्छन्दोविचितिवेदिभिः ॥ ३ ॥

सं० टी०—अथ सर्वेषां नष्टादीनां प्रस्तारमूलकत्वात्प्रथमं प्रस्तार-रचनाप्रकारं श्लोकद्वयेनाह—पादे इति। तत्र प्रथमं सर्वगुरौ—सर्वे गुरवो यत्रैवम्भूते पादे लिखिते सति, प्रस्तार्यवृत्तजातिपादस्थवर्णसंख्याकसर्वगुरवः प्रथमं स्थापनीया इत्यर्थः। तत्र आद्यात्—प्रथमात्, गुरोरधः, न्यस्य—स्थापयित्वा न्यस्येदिति विधिलिङ्प्रयोगः साधीयान्। प्रथमत्वं च गुर्वपेक्षया न तु वर्णापेक्षया। अन्यथा द्वितीयभेदे आद्यगुरोरभावात् तृतीयभेदानुपपत्तिः स्यात्। तं लघुं न्यस्य यथोपरि—यथोपरिपङ्क्तौ गुरुलघ्वादयः, तथैवाधस्तन-पङ्क्तौ शेषम्—आद्यगुरोरवशिष्टम्, वर्णसंख्यापूर्तिपर्यन्तं द्वितीयादिकं गुरुं लघुं वा लिखेत्। अर्थात्—यत्रोपरि गुरुस्तत्राधस्तनपङ्क्तावपि गुरुर्लेख्यः,

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

यत्र च लघुस्तत्राधस्तनपङ्क्तौ पूर्ववल्लघुरेव लेख्यः, अमुं विधिम्—एवमेव लेखनविधिं भूयः—पुनः पुनः, चतुर्थादिपङ्क्तिषु कुर्यादित्यर्थः। ननु द्वितीया-दिपङ्क्तौ पादवर्णेष्वाद्यस्य गुरुत्वाभावे तस्याधस्तात् तृतीयादिपङ्क्तिषु किं लेख्यमित्याशङ्क्याह—ऊने इति। ऊने न्यूने शून्ये इत्यर्थः। वामतो वर्तमाने लघूनामधस्तनेषु स्थानेषु गुरूनेव, वर्णान् दद्यात्—लिखेत्। बहुवचनप्रयोगः उत्तरोत्तरपङ्क्तावपि न्यूनेषु स्थानेषु गुरुविधानार्थः। एवं च 'भूयः' शब्दस्य वीप्सार्थकत्वमिहेति फलति। तेन पुनः पुनर्गुर्वपेक्षयाद्यगुरोरधो लघुं लिखित्वा शेषमुपरिवदेव लिखित्वोने स्थाने गुरवो लेख्याः। कुतः पर्यन्तमेष विधिः प्रवर्त्य इत्याह—यावदिति। यावत्—यावत्पर्यन्तम् सर्वलघुः—सर्वे लघवो यत्र तथाभूतः पादः, भवेत्—संजायेत, तावत्कुर्यादिति। अयम्—पूर्वोक्तः प्रकारः, छन्दोविचितिः—छन्दःशास्त्रम्, तद्वेदिभिः, प्रस्तारः—प्रस्तार इति नाम्ना, समाख्यातः—कथितः। एतेन स्वकपोलकल्पितत्वं निरस्तम्। प्रस्तार्यते इति प्रस्तार इत्यन्वर्थेयं संज्ञा।

इदमत्र विशेषतो ज्ञेयं यत्सर्वासां जातीनां प्रथमो भेदः सर्वगुरुरेव सर्व-सम्मतः। प्रस्ताररचनायां स एव प्रथमं लेख्यः। तमेवाश्रित्यान्ये भेदाः संसाधनीयाः। अन्तिमो भेदश्च सर्वलघुरित्यपि सुनिश्चितम्। सर्वेषां भेदानां क्रमसंख्या प्रस्ताररचनानुरोधेन निश्चिता। संख्याया निश्चितत्तामेवोपजीव्य नष्टादयः प्रवर्तन्ते। क्रमसंख्याया अनिश्चितत्वे तु तेषां प्रवृत्तिरसंभवा स्यात्। अपि चैतदप्यवधेयं यदनेनैव प्रकारेण मात्रिकछन्दसामपि प्रस्ताररचना भवति। इयाँस्तु विशेषो यत्समकलस्य प्रथमो भेदः सर्वलघुर्वर्णवृत्तवत्, विषमकलस्य तु एकमाद्यं लघुमादाय सर्वगुरुरिति। इह विस्तरभयात् विद्यार्थिनां कृते क्लिष्टत्वान्नातीवोपयोगित्वाच्च मात्रिकछन्दोविषयकः, अर्धसमादिविषयकश्च स्त्रोंऽपि प्रस्तारादिप्रपञ्च उपेक्षितः॥ २—३॥

हिं० टी०—सर्व प्रथम जितने वर्णों का प्रस्तार निकालना हो—उतने गुरु प्रथम पंक्ति में लिखे। इसी भेद को पहला समझना चाहिये। सर्व गुरु वाली प्रथम पंक्ति के आधार पर आगे की पंक्तियों की रचना करनी चाहिये। वह प्रकार यह है कि पहली पंक्ति के पहले गुरु के नीचे आगे की पंक्ति में

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

लघु लिखे। उसके आगे जैसा ऊपर की पंक्ति में हो वैसा ही उतार दे। इस विधि को पुनः पुनः करता रहे। अर्थात् आगे की पंक्तियों को इसी प्रकार पूरा करे। परन्तु जो स्थान बांई ओर के न्यून रहें, उनके स्थान पर गुरु रखे। जब तक सर्वलघु पाद की प्राप्ति न हो जाय, तब तक इस विधि को करते रहना चाहिये। छन्दःशास्त्र के वेत्ता इस विधि को प्रस्तार कहते हैं।

जैसे तीसरी जाति मध्या का प्रस्तार यदि करना हो तो सब प्रथम पंक्ति में सर्वगुरुपाद अर्थात् तीन गुरु लिखें। उसके नीचे दूसरी पंक्ति में पहले गुरु के नीचे लघु लिख कर दाहनी ओर यथोपरि तथा उतार दिये तो। ऽ ऽ यह दूसरा भेद बना। इस दूसरी पंक्ति में पहला गुरु दूसरे स्थान पर है उसके नीचे लघु लिखा। दाहनी ओर ऊपर के जैसे एक गुरु उतार दिया तो। ऽ यह रूप बना। परन्तु इसमें दो ही वर्ण हुए, एक वर्ण की न्यूनता रह गई। इस न्यून स्थान की पूर्ति गुरु लिखकर की जायगी 'ऊने दद्याद् गुरूनेव' के अनुसार। तब ऽ। ऽ यह तीसरी पंक्ति बनी, यही तीसरा भेद हुआ। अब चौथी पंक्ति के लिये पहले सर्वप्रथम गुरु के नीचे लघु लिखना है। तीसरी पंक्ति में गुरु पहला ही वर्ण है। अतः उसके नीचे लघु लिख कर शेष कों यथोपरि लिख देने से।।ऽ यह चौथी पंक्ति हुई और यही तीसरी जाति का चौथा भेद है। चौथी पंक्ति में अन्तिम गुरु है, उसके नीचे लघु लिखकर दाहनी ओर के न्यून स्थानों की गुरु लिखकर पूर्ति करने से ऽ ऽ। यह पाँचवीं पंक्ति हुई और यही पाँचवाँ भेद हुआ। पाँचवीं पंक्ति के प्रथम गुरु के नीचे लघु लिखकर यथोपरि तथा नीचे उतार देने से। ऽ। यह छठी पंक्ति हुई और यही छठा भेद हुआ। छठी पंक्ति में दूसरा गुरु होने से उसके नीचे लघु लिखकर दाहनी ओर यथोपरि तथा उतार कर बाईं ओर के एक न्यून स्थान की पूर्ति के लिये गुरु लिख देने सें ऽ।। यह सातवीं पंक्ति बनी और यही सातवाँ रूप हुआ। इस सातवीं पंक्ति में प्रथम वर्ण गुरु है। वह आदि गुरु है। उसके नीचे लघु लिख कर यथोपरि तथा दोनों लघु लिख देने से।।। यह आठवीं पंक्ति हुई और यही आठवां रूप हुआ। यह आठवां रूप सर्व लघु है। अतः नियमानुसार तीन वर्णों की मध्या जाति की प्रस्तार

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

रचना पूरी हुई। इस प्रकार तीसरी जाति की प्रस्तार रचना का साङ्गोपाङ्ग निरूपण हो गया। आगे इसी प्रकार रचना करनी चाहिये। चार वर्णों तक की प्रस्ताररचना स्पष्टता के लिये कोष्ठक द्वारा बतलाई जाती है—

उक्ता	अत्युक्ता	मध्या	प्रतिष्ठा	
१ ऽ	१ ऽऽ	१ ऽऽऽ	१ ऽऽऽऽ	९ ऽऽऽ।
२ ।	२ ।ऽ	२ ।ऽऽ	२ ।ऽऽऽ	१० ।ऽऽ।
	३ ऽ।	३ ऽ।ऽ	३ ऽ।ऽऽ	११ ऽ।ऽ।
	४ ।।	४ ।।ऽ	४ ।।ऽऽ	१२ ।।ऽ।
		५ ऽऽ।	५ ऽऽ।ऽ	१३ ऽऽ।।
		६ ।ऽ।	६ ।ऽ।ऽ	१४ ।ऽ।।
		७ ऽ।।	७ ऽ।।ऽ	१५ ऽ।।।
		८ ।।।	८ ।।।ऽ	१६ ।।।।

प्रस्तार रचना से यह एक उपयोगी बात ज्ञात होती है कि प्रत्येक भेद के समान चारों चरण होने से कोई एक छन्द बन सकता है। यह भी मालूम हो जाता है कि एक वर्ण की जाति के दो भेद होते हैं। दो के चार तीन के आठ और चार के सोलह। इससे यह भी प्रतीत हुआ कि एक वर्ण के आगे दूने दूने भेद होते हैं। सबकी भेद-संख्या तीसरे अध्याय में जाति के प्रारम्भ में लिख दी है।

प्रस्तार रचना पर कोष्ठकों में जरा ध्यान पूर्वक ऊपर से नीचे देखने से विदित होगा कि पहली पंक्ति में एक गुरु और एक लघु क्रम से हैं। दूसरी पंक्ति में दा गुरु और दो लघु, तीसरी पंक्ति में चार गुरु और चौथी पंक्ति में आठ गुरु और लघु हैं। यही क्रम आगे भी रहेगा अर्थात् आगे आगे दुगुनी दुगनी संख्या होती जायगी। जैसे पांचवी पंक्ति में १६ गुरु और १६ लघु, छठी में ३२ गुरु और ३२ लघु इत्यादि। इस बात को जान लेने से प्रस्तार रचना अत्यन्त सरल हो जाती है। यह प्रस्तार का रहस्य है। इस रहस्य का ज्ञान हो जाने से प्रस्तार रचना अति शीघ्रता से की जा सकती है और अशुद्धि होने की सम्भावना नहीं रह जाती।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

प्रस्तार के लिये 'भानु' कवि की–'आदि गुरुतर लघु निःशङ्क दायें नकल बायें बंक' यह उक्ति बहुत सरल और उपयोगी है

नष्टविधि :—

नष्टस्य यो भवेदङ्कस्तस्यार्द्धेऽर्द्धे समे च लः।
विषमे चैकमाधाय तस्यार्द्धेऽर्द्धे गुरुर्भवेत्॥ ४॥

सं० टी० – अथ प्रस्तारशोधनोपयोगिनष्टप्रक्रियामाह – नष्टस्य इति। 'अङ्कः' इत्यतः परं 'तत्र' इत्यध्याहार्यम्। ततश्च–नष्टस्य वृत्तस्य योऽङ्कः प्रश्नाङ्क इति यावत्। तत्र तस्मिन्, समे सति लघुर्लेख्यः। तस्य चार्द्धेऽर्द्धे कृतेऽर्द्धाङ्के समे सति लघुः, विषमे तु अर्धीकरणासंभवादेकमाधाय संयोज्य योऽङ्को जायेत तमर्धयेत्, अर्धे विषमे गुरुः, समे तु लघुर्भवेत्। तस्मिन्नप्यर्द्धिते विषमे गुरुः, समे लघुरिति। 'अर्द्धेऽर्द्धे' इत्यत्र वीप्सया विवक्षितनष्टवृत्ताक्षरसंख्यापूरणं यावत्। प्रकुर्यादित्यर्थः पर्यवस्यति। नष्टस्य–अविज्ञाततया दर्शनमुपगतस्य प्रस्ताररूपस्य संपादकतयैव विधिरपि नष्टशब्देनोच्यते। नष्टद्वारा हि प्रचारप्रक्रियां विनापि अभीष्टरूपसिद्धिरिति महत्सौकर्यम्।

तदेष विधिरुदाहरणे संगमय्य प्रदर्श्यते। यथा त्र्यक्षरे प्रस्तारे सप्तमं वृत्तं कीदृगिति प्रश्ने कृते सप्तमाङ्कस्य विषमत्वाद् गुरुं न्यस्य, पुनरेकं संयोज्य अष्टसु जातेषु तदर्धीकरणे चतुरङ्के लब्धे तस्य च समत्वात् लघुर्न्यस्तः। पुनश्चतुर्णामर्धीकरणेन द्व्यङ्के लब्धे तस्य समत्वाल्लघुरेवः। तथा चायं 'ऽ।।' इत्येवंरूपो भगणः सप्तमो भेदः। समोदाहरणे यथा चतुरक्षरप्रस्तारेऽष्टमो भेदः कीदृश इति। नष्टाङ्कः–अष्टौ, तस्य समत्वात्पूर्वं लघुः, तदर्धीकरणे चतुरङ्के पुनर्लघुः, पुनस्तदर्धीकरणेन द्व्यङ्के लब्धे तस्य समत्वात् लघुः, तस्याप्यर्धीकरणेन लब्धस्यैकाङ्कस्य विषमत्वाद् गुरुः। तथा चायं '।।।ऽ' अष्टमो भेदो निष्पन्नः।

हिं० टी०—नष्ट का अङ्क यदि सम[1] हो अर्थात् २, ४, ६, ८, १० आदि हो तो उसके स्थान पर लघु लिखना चाहिये और यदि विषम[2] हों

---

१ जो संख्या दो से पूरी (बिना शेष रहे) बँट जाय उसे सम कहते हैं।
२ जो संख्या दो से पूरी न बँट सके अर्थात् कुछ शेष रह जाय उसे विषम कहते है।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

अर्थात् ३, ५, ७, ९, ११ आदि हो तो गुरु। इसके अनन्तर नष्ट के अङ्क का आधा करे। आधा करने से यदि सम अङ्क आवे तो लघु और विषम आवे तो गुरु। इस प्रक्रिया को तब तक किया जाना चाहिये जब तक नष्ट वृत्त के इन वर्णों की संख्या पूरी न हो जायं।

यह निश्चित है कि प्रस्तार के विषम भेद के प्रथम स्थान में गुरु और सम भेद के लघु रहता है। अत एव प्रश्नाङ्क—नष्ट अङ्क यदि विषम हो तो प्रथम स्थान गुरु, सम हो तो लघु रखना आवश्यक है। तदनन्तर प्रश्नाङ्क का आधा करना चाहिये, यदि प्रश्नाङ्क विषम हो तो एक जोड़ कर आधा किया जाना चाहिये। इससे जो अङ्क सम या विषम आवे उसके अनुसार गुरु या लघु रखना चाहिये। इस प्रकार तब तक करते जाना चाहिये जब तक नष्ट वृत्त की वर्णसंख्या पूरी न हो जाय। यदि वृत्त के वर्णों की संख्या अधिक हो और आधा करते करते एक शेष रह जाय और आगे संख्या न निकल सके तो वृत्त के जितने वर्ण रहे हों उनके स्थान पर उतने ही गुरु रख देने चाहिये। क्योंकि पूर्वोक्त प्रकार से एक विषम संख्या में एक और जोड़ देने से दो होगी और उसे दो से भाग देने पर एक ही आयगा, अतः आगे सब गुरु ही होंगे।

नष्ट की प्रक्रिया से विना प्रस्तार रचना के किसी भी वर्ण के इष्ट रूप का सरलता से ज्ञान हो जाता है। यदि हम किसी जाति के किसी भेद को जानना चाहें तो प्रस्तार रचना के द्वारा एक तो समय अधिक लगेगा तथा स्थान भी अधिक लगेगा। मान लीजिये ११ वां जाति का २२५ वां भेद लिखते बहुत समय लग जायगा और कागज का व्यय भी अत्यधिक होगा। परन्तु नष्ट के द्वारा इष्टभेद को तत्काल बतलाया जा सकता है।

स्पष्टता के लिये प्रक्रियासहित कुछ उदाहरण नीचे लिखे जाते हैं—

प्रश्न १—३ वर्णों का ७वां भेद कैसा होगा ?

प्रक्रिया—नष्टाङ्क ७ के विषम होने से प्रथम गुरु रखा। फिर ७ का आधा न हो सकने के कारण १ और जोड़कर आधा किया, चार उपलब्ध हुए और यह सम है इस लिये लघु चार का आधा दो भी सम है इस लिये तीसरे स्थान पर भी लघु रखा तो यह ऽ।। रूप हुआ।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

प्रश्नाङ्क ७, ७ + १/२ = ४, ४/२ = २

प्रश्न—चार वर्णों का आठवां भेद कैसा होगा ?

प्रक्रिया—८, ८/२ = ४, ४/२ = २, २/२ = १

स्पष्टीकरण—प्रश्नाङ्क ८ के सम होने से सर्व प्रथम लघु रखा। फिर ८ का आधा किया, ४ लब्ध भी सम है, इसलिये द्वितीय स्थान पर भी लघु लिखा, चार का आधा दो भी सम है, इसलिये तृतीय स्थान पर भी लघु ही लिखा, दो का आधा १ के विषम होने से चतुर्थ स्थान पर गुरु लिखा। इसके आगे प्रक्रिया बढ़ाने की आवश्यकता नहीं, क्योंकि नष्ट भेद की वर्णसंख्या पूरी हो गई।

प्रश्न—५ वर्णों का द्वितीय भेद कैसा होगा ?

प्रक्रिया—२, २/२ = १, १ + १/२ = १, + १/२ = १

स्पष्टीकरण—प्रश्नाङ्क २ सम है। अतः प्रथम स्थान में लघु रखा। २ का आधा एक विषम है अतः द्वितीय स्थान में गुरु रखा। अभी वर्णसंख्या में ३ की कमी है क्योंकि ५ वर्णों का भेद बनाना है। अतः ५ में १ और जोड़ कर आधः करने से आगे बराबर १ आता है, जैसा कि ऊपर प्रक्रिया में दिखाया गया है—वह विषम है। इसलिये आगे के तीन स्थानों की पूर्ति ३ गुरु रख कर की गई। इसलिये ५ वर्णों का दूसरा भेद। ऽऽऽऽ यह हुआ।

नष्ट की प्रक्रिया के लिये 'भानु' कवि की निम्नलिखित उक्ति अत्यन्त सरल है—

विषम गुरु, सम लघु, मन साध, प्रश्न अंक पुनि आधौ आध।
नष्ट रचिय विषमनि एक जूर, जब लगि वृत्त वरण हों पूर ॥ ४ ॥

[1]उद्दिष्टप्रक्रिया—

उद्दिष्टं द्विगुणानाद्यानुपर्यङ्कान्समालिखेत् ।
लघुस्था ये तु तत्राङ्कास्तैः सैकैर्मिश्रितैर्भवेत् ॥ ५ ॥

---

१ उद्दिष्टस्य निर्दिष्टस्य रूपस्य संख्याप्रकाशकत्वादयं विधिरपि उद्दिष्टशब्देनोच्यते।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

सं० टी०—अथ प्रस्तारस्शोधनोपायमुद्दिष्टमाह—उद्दिष्टमिति । आद्यात्—प्रथमाक्षरादारभ्य चरमाक्षरपर्यन्तम्, उपरि उपरि, आद्यादेवाङ्कादारभ्य द्विगुणान् अङ्कान् लिखेत् । अर्थादाद्याक्षरोपरि एकाङ्कं लिखेत्, ततो द्वितीयाक्षरोपरि एकं द्विगुणं द्व्यङ्कं दद्यात्, तृतीयोपरि द्विद्विगुणं चतुरङ्कं, चतुर्थोपरि चतुर्द्विगुणमष्टाङ्कं विन्यसेत् । एवमन्तिमाक्षरावधि विधिं विदध्यात् । तत्र—अङ्केषु यथावल्लिखितेषु लघुस्थाः—लघ्वक्षरशिरःस्थिता येऽङ्काः तैः सैकैः—एकाधिकैः, मिलितैः—यथास्थानं योजितैरुद्दिष्टं भवेत् ।

निर्दिष्टरूपस्य संख्याज्ञानादतिरिक्तं नष्टेन प्रसाधितस्येष्टरूपस्य प्रामाणिकताप्युद्दिष्टद्वारा विज्ञायते इति बोध्यम् । अतो नष्टद्वारा साधितस्य रूपस्योद्दिष्टद्वारा संशोधनं कार्यं यथा ज्ञायेत यत्साधितं रूपं सम्यगिति ॥ ५ ॥

हिं० टी०—प्रथम वर्ण से लेकर चाहे वह लघु हो वा गुरु—अन्तिम अक्षर पर्यन्त ऊपर ऊपर एक से लेकर द्विगुण दुगने अङ्कों को लिखे । अर्थात् प्रथम वर्ण के ऊपर एक, द्वितीय के ऊपर एक के दुगने दो, तृतीय के ऊपर दो के दुगने चार, चतुर्थ के ऊपर चार के दुगने आठ, पञ्चम के ऊपर आठ के दुगने सोलह लिखे । इसी प्रकार दुगने-दुगने अङ्क लिखते जाना चाहिये । तदनन्तर लघु वर्णों के ऊपर जितने अंक हों उनको जोड़ देना चाहिये और योगफल में एक और अधिक जोड़ देने से जो संख्या हो वहीं उद्दिष्ट–निर्दिष्ट भेद की संख्या होगी । इस विधि को उद्दिष्ट कहते हैं ।

उदाहरण—

१. तीन वर्णों के प्रस्तार में ऽ । । यह आदि गुरु कितनवां भेद है ?
१ २ ४

प्रक्रिया ऽ । ।, २ + ४=६ + १=७, उत्तर सातवां भेद है ।

स्पष्टीकरण—प्रथम वर्ण के ऊपर १ अङ्क लिखा । द्वितीय के ऊपर १ का दुगना दो लिखा, तृतीय के ऊपर दो का दुगना चार लिखा । अब लघु वर्णों के ऊपर दो अंक हैं २ और ४, दोनों को जोड़ दिया ६ हुए । ६ में

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

१ और मिला दिया ७ हुए। यही ७ उत्तर हुआ। अर्थात् ऽ।। यह सातवां भेद है।

२ चार वर्णों के प्रस्तार का।।।ऽ यह अन्त्य गुरु कितनवां भेद है?

१२४८

प्रक्रिया—।।।ऽ, १+२+४=७+१=८, उत्तर ८वां भेद है।

विवरण—प्रथम वर्ण के ऊपर एक, द्वितीय के ऊपर एक का दुगना दो, तृतीय के ऊपर दो का दुगना चार, चतुर्थ के ऊपर चार का दुगना आठ लिखा, लघुओं के ऊपर १, २, ४ ये तीन अंक हैं। इन तीनों का योग ७ हुआ। ७ में १ जोड़ देने से ८ हुए। यही ८ उत्तर हुआ अर्थात्।।।ऽ यह चार वर्णों के प्रस्तार में ८ वां भेद है।

३ पांच वर्णों के प्रस्तार में।ऽऽऽऽ यह कितनवां भेद है?

१२४८१६

प्रक्रिया—।ऽऽऽऽ, १+१=२, उत्तर २ रा भेद है।

विवरण—प्रथम वर्ण के ऊपर १ अङ्क रखकर आगे दुगने दुगने रख देने के अनन्तर प्रतीत हुआ कि लघु १ है, उसके ऊपर १ का अङ्क है, उसमें एक और मिला देने से २ हुआ। यह २ ही उत्तर हुआ। अर्थात् उक्तरूप पञ्चाक्षर जाति के प्रस्तार में दूसरा भेद है।

इसी रीति से अन्य उद्दिष्ट भेदों की संख्या का ज्ञान कर लेना चाहिये।

उद्दिष्ट के सम्बन्ध में यह भी समझ लेना चाहिये कि जहाँ इसके लिए उद्दिष्ट रूप का ज्ञान होता है वहाँ नष्ट के द्वारा सिद्ध किये हुये रूप की शुद्धता का निर्णय भी होता है। अतः नष्ट के द्वारा इष्ट रूप बनाकर उद्दिष्ट के द्वारा उसकी जांच कर लेनी चाहिये कि क्या रूप ठीक बना है?

एकद्व्यादिलगक्रिया—

वर्णान् वृत्तभवान् सैकान्, औत्तराधर्यतः स्थितान्।
एकादिक्रमतश्चैतानुपर्युपरि निक्षिपेत्॥ ६॥
उपान्त्यतो निवर्तेत त्यजन्नेकैकमूर्ध्वतः।
उपर्याद्याद् गुरोरेवमेकद्व्यादिलगक्रिया॥ ७॥

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

सं० टी०—अथैकद्व्यादिलगक्रियामाह—वर्णानिति। वृत्तभवान्—उक्तादिवृत्त–निष्ठान्, वर्णान्–वर्णसंख्याकानङ्कान्, एकाङ्कानित्यध्याहारः, सैकान्–एकेनाधिकेन सहितान्, औत्तराधर्यतः स्थितान्—उत्तराधरभावेन स्थितान् कुर्यादित्यध्याहारेण लभ्यम्। एतान्–पूर्वस्थापितान् अङ्कान्; एकादिक्रमतः–एकद्वित्र्यादि क्रमेण, उपरि उपरि–अर्थादुपरिस्थितेऽङ्के, निक्षिपेत्–संयोजयेत्। अधस्तनमेकाङ्कं तदुपरिस्थे एकाङ्के मेलयित्वा द्व्यङ्कं कुर्यात्, द्व्यङ्कमपि तृतीयैकाङ्के संयोज्य त्र्यङ्कं कुर्यादित्येवमुत्तरोत्तरं कृत्वा योगफलं वामतो दक्षिणतो वा निधातव्यमिति भावः। ततश्च, उपान्त्यतः–अन्त्यस्य समीपमुपान्त्यम्, ततः, उपान्त्यपर्यन्तं मेलनं कृत्वा उपान्त्यमन्त्येऽमेलयित्वा, ऊर्ध्वत एकैकं त्यजन् निवर्तेत–विरमेत्। अन्त्यश्च प्रथममेलने सर्वोपरितनः, द्वितीयमेलने तदधस्तनो द्वितीयः, तृतीयमेलने तदधस्तनस्तृतीय इत्येवमुत्तरोत्तरो ज्ञेयः। उपान्त्यश्च तदधस्तनः। प्रतिमेलनम् एकं त्यक्त्वाधस्तनान्मेलयेदित्याशयः। एकैकमिति वीप्सया सर्वाधस्तनाङ्कपर्यन्तं पुनः पुनर्मेलनावृत्तिः कार्येति सूच्यते। एवं कृते सति आद्यात्–प्रथमात्, गुरोःसर्वगुरोर्भेदात्, उपरि–अनन्तरम्, एकद्व्यादिलगक्रिया–एकद्वित्र्यादीनां लघुगुरूणां क्रिया ज्ञेयेति शेषः।

प्रथममेकः सर्वगुरुः, तदधस्तनाङ्कसंख्य एकलघुः, तदधस्तनाङ्कसंख्याः, द्विलघवः, चतुर्थाङ्कसंख्या त्रिलघवः, एवं तदधस्तनाङ्कसंख्याः चतुर्लघ्वादिभेदा ज्ञेया इत्यर्थः। एवमेव प्रथमाङ्कः सर्वगुरुः, द्वितीयाङ्कः एकगुरुभेदसंख्याबोधकः, तृतीयाङ्कः द्विगुरुभेदसंख्याबोधक इत्येवमुत्तरोत्तरमेकैकं वर्धयित्वा क्रिया निर्वोढव्या। सविस्तरसमन्वयस्त्वस्याः क्रियाया हिन्दीभाषया प्रदर्श्यते इति तत एवावसेयम्॥ ६—७॥

हिं० टी०—जितने वर्णों की लगक्रिया करनी हो उतने ही १ अंक व अधिक ऊपर से नीचे, और नीचे के एक से बाईं ओर अथवा दाहिनी ओर, अथवा ऊपर के १ अंक से दाहिनी ओर अथवा बाईं ओर भी १ अधिक १ अंक लिखे। फिर क्रम से सब से नीचे के प्रथम पङ्क्ति के एक को उसके ऊपर के एक में मिला कर उसके आगे द्वितीय पंक्ति में दाहिनी या बाईं ओर रखना चाहिये। फिर उस दो को बाईं या दाहिनी ओर के एक में जोड़

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

कर उसकी भी उसके आगे दूसरी पंक्ति में लिखना चाहिये। इस प्रकार तिरछे तिरछे अंक जोड़ कर दाहिनी या बाईं ओर दूसरी पंक्ति को पूरा करना चाहिये परन्तु अंत में एक अंक को छोड़ देना चाहिये अर्थात् अन्त के समीप के अंक को अन्तिम अंक में न मिलया जाना चाहिये। इसी प्रकार तीसरी पंक्ति को दूसरी पंक्ति के जोड़ से पूरा करना चाहिये। सबसे नीचे का १ अंक ऊपर से नीचे तथा दाहिनी से बाईं अथवा बाईं से दाहिनी ओर के अंकों की संख्या को पूर्ण करता है। पर ध्यान रहे कि अन्त में एक एक छूटता जाय अर्थात् प्रत्येक पिछली पंक्ति में एक एक अंक कम होता जायगा। इस प्रकार प्रक्रिया कर प्रत्येक पंक्ति का अन्तिम अङ्क एकत्र लिख देना चाहिये। यही अंक लगक्रिया के अंक होंगे।

उनमें प्रथम अंक १ होगा। वह सर्वगुरु भेद का सूचक होगा। दूसरा अंक एक लघु वाले, तीसरा अङ्क दो लघु वाले, चौथा अङ्क तीन लघु वाले और पाँचवां अङ्क चार लघु वाले भेदों का सूचक होगा। इसी प्रकार आगे भी समझ लेना चाहिये। अन्तिम अङ्क भी १ होगा जोकि सर्व लघु भेद का सूचक होगा। यह पहले कहा जा चुका है कि पहला भेद सर्वगुरु, अन्तिम भेद सर्वलघु होता है।

इस क्रिया को स्पष्ट करने के लिए नीचे कुछ कोष्ठक दिये जाते हैं—

६ वर्णों की एक द्व्यादिलगक्रिया।

पहला प्रकार

१	१	१	१	१	१	१
१	२	३	४	५	६	
१	३	६	१०	१५		
१	४	१०	२०			
१	५	१५				
१	६					
१						

दूसरा प्रकार

सर्व गुरु ऽऽऽऽऽऽ							१
पाँच गुरु ऽऽऽऽऽ।						६	१
चार गुरु ऽऽऽऽ।।					१५	५	१
तीन गुरु ऽऽऽ।।।				२०	१०	४	१
दो गुरु ऽऽ।।।।			१५	१०	६	३	१
एक गुरु ऽ।।।।।		६	५	४	३	२	१
सर्व लघु ।।।।।।	१	१	१	१	१	१	१

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

तृतीय प्रकार

१						
१	६					
१	५	१५				
१	४	१०	२०			
१	३	६	१०	१५		
१	२	३	४	५	६	
१	१	१	१	१	१	१

चतुर्थ प्रकार

१	१	१	१	१	१	१
	६	५	४	३	२	१
		१५	१०	६	३	१
			२०	१०	५	१
				१५	५	१
					६	१
						१

इन चारों प्रकारों से लगक्रियांक १, ६, १५, २०, १५, ६, १ निकलते हैं। इस कोष्ठक से विदित हुआ कि ६ वर्णों के छन्दों में—

१ छन्द ६ गुरु का होगा (सर्वगुरु)
६ छन्द ५ गुरु और १ लघु वाले होंगे।
१५ छन्द ४ गुरु और २ लघु वाले होंगे।
२० छन्द ३ गुरु और ३ लघु वाले होंगे।
१५ छन्द २ गुरु और ४ लघु वाले होंगे।
६ छन्द १ गुरु और ५ लघु वाले होंगे।
१ छन्द ६ लघु वाला अर्थात् सर्वलघु होगा।

कोष्ठकों में अंकों को जोड़ने का प्रकार—पहली पंक्ति में १ सात बार रख दिया। दूसरी में १ + १ = २, २ + १ = ३, ३ + १ = ४, ४ + १ = ५, ५ + १ = ६। तीसरी पंक्ति में—१ + २ = ३, ३ + ३ = ६, ६ + ४ = १०, १० + ५ = १५। चौथी पंक्ति में—१ + ३ = ४, ४ + ६ = १०, १० + १० = २०। पांचवीं में—१ + ४ = ५, ५ + १० = १५। छठी में—१ + ५ = ६। सातवीं में केवल एक। चारों प्रकार के कोष्ठकों में अंक जोड़ने का यही ढंग रहेगा। जोड़ना किनारे से ही होगा।

यहाँ पर यह ध्यान देने की बात है कि पहले वर्ण की लगक्रिया को एक अंक और लिख कर बढ़ा देने से आगे आगे के वर्णों की एकद्व्यादिलगक्रिया के अंक निकल आते हैं तथा अन्त के अंक छोड़ देने से पुनः जो अंक अन्त

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

में रह जाते हैं वे पिछले वर्णों की लगक्रिया के अंक निकल आते हैं। जैसे उपर्युक्त कोष्ठकों में अन्त के १, ६, १५, २०, १५, ६, १ अङ्कों को छोड़ दिया जाय तो १, ५, १०, १०, ५, १ अङ्क निकलेंगे। ये अङ्क पाँच वर्णों के छन्दों के होंगे।

इस क्रिया के द्वारा लघु गुरु संख्या वाले भेदों की संख्या का ज्ञान होता है, अत एव इसे 'एकद्व्यादिलगक्रिया' कहते हैं। इस क्रिया को मेरु भी कहते हैं क्योंकि इसके करने में अङ्कों का पहाड़ सा बन [1]जाता है॥ ६–७॥

---

१ भास्कराचार्य ने लीलावती में लगक्रिया का एक अन्य प्रकार यह बताया है कि जितने वर्णों के छन्दों की लगक्रिया करनी हो उतने अङ्क एक से लेकर क्रम से एक पङ्क्ति में लिख दे। उनके ऊपर उलटे अङ्क रख दे और उनके पहले एक अङ्क रख दे। फिर तिर्यग् गति से ऊपर के अङ्क से नीचे के अङ्क को गुणा करे और तीसरी लाइन में स्थितक्रम संख्या के अङ्कों से भाग देता चला जाय। इस प्रकार को कोष्ठक के द्वारा स्पष्ट किया जाता है—

१	६	१५	२०	१५	६	१
	६	५	४	३	२	१
	१	२	३	४	५	६

प्रक्रिया—$\frac{\text{१} \times \text{६}}{\text{१}} = \text{१}$, $\frac{\text{६} \times \text{५}}{\text{२}} = \text{१५}$, $\frac{\text{१५} \times \text{४}}{\text{३}} = \text{२०}$, $\frac{\text{२०} \times \text{३}}{\text{४}} = \text{१५}$,

$\frac{\text{१५} \times \text{२}}{\text{५}} = \text{६}$, $\frac{\text{६} \times \text{१}}{\text{६}} = \text{१}$।

इस प्रकार लगक्रिया के १, ६, १५, २०, १५, ६, १ अङ्क निकल आये। भेदों का प्रकार हिन्दी टीका में समझा दिया गया है।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

संख्याविधिः—

> लगक्रियाङ्कसन्दोहे भवेत्संख्या विमिश्रिते।
> उद्दिष्टाङ्कसमाहारः सैको वा जनयेदिमाम्॥ ८॥

सं० टी०—अथ क्रमप्राप्तां संख्यामाख्याति—लगक्रियेति। लगक्रियायां पूर्वोक्तायां सिद्धा येऽङ्काः, ते लगक्रियाङ्काः, तेषां सन्दोहे—समुदाये, विमिश्रिते संयोजिते सति योऽङ्कः फलति, सा संख्या भवेत्। संख्याया द्वितीयप्रकार-माह—उद्दिष्टाङ्केति। वा—अथवा, पूर्वोक्तानाम्, उद्दिष्टाङ्कानाम्, समाहारः—संमेलनम्, योगः, सैकः—एकाधिकः, इमां संख्यां जनयेत्—साधयेत्। उद्दिष्टाङ्कान् संयोज्यैकमधिकं पुनस्तत्र मिश्रयित्वा फलितोऽङ्कः संख्या भवतीत्यर्थः।

तद्यथा प्रथमप्रकारे—त्र्यक्षरवृत्तानां लगक्रियाङ्काः, १, २, ३, १ एक-द्वित्र्येकरूपाः सन्ति। एतेषां संयोजनेऽष्टौ सम्पद्यन्ते। एवं च त्र्यक्षरप्रस्तार-स्याष्टौ भेदसंख्येति पर्यवस्यति। त्र्यक्षरजातेः सर्वे भेदा अष्टौ भवन्तीति संख्यया बोधितो निर्गलितोऽर्थः। एवं चतुरक्षरवृत्तानां लगक्रियाङ्काः १, ४, ६, ४, १ इत्येते सन्ति। एतेषां संकलनेन १६ षोडश संख्या सम्पद्यते। एता-वन्त एव भेदाश्चतुरक्षरजातेः सर्वे भवन्तीति सिद्ध्यति। एवमेव षडक्षरजातेः १, ६, १५, २०, १५, ६, १ इत्येतेषां लगक्रियाङ्कानां संकलनेन ६४ चतु-ष्षष्टिः संख्या जायते या षडक्षरजातेः सर्वेषां भेदानां पूर्णा संख्या वर्तते। द्वितीयप्रकारे—त्र्यक्षरोद्दिष्टाङ्काः १, २, ४ एकद्विचतूरूपाः। संयोजने सप्त, एकेनाधिकमिते अष्टौ ८। एषैव संख्या। चतुरक्षरोद्दिष्टाङ्काः १, २, ४, ८ एकद्विचतुरष्टरूपाः, संयोजने पञ्चदश १५, एकमधिकं क्षिप्त्वा षोडश १६ संख्या जायते। षडक्षरजात्युद्दिष्टाङ्काः १, २, ४, ८, १६, ३२ एतेषां संयोजनेन त्रिषष्टिः ६३, एकेनाधिकमिते ६४ चतुष्षष्टिः संख्या॥ ८॥

हिं० टी०—एकद्व्यादिलगक्रिया के फलित अङ्कों को जोड़ देने से जो योगफल के अङ्क होते हैं वह संख्या होती है। अथवा—उद्दिष्ट के अङ्कों के योगफल में एक अधिक जोड़ देने से भी संख्या निकल आती है।

जैसे तीन वर्णों के लगक्रिया के अङ्क १, ३, ३, १ जोड़ देने से—

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

हुआ। यही ८ संख्या है अर्थात् तीन वर्णों के कुल ८ भेद बनते हैं। इसी प्रकार ४ वर्णों के लगक्रिया के १, ४, ६, ४, १ अङ्क हैं। इनको जोड़ देने से १६ संख्या हुई। ६ वर्णों के लगक्रिया अङ्क १, ६, १५, २०, १५, ६, १ हैं। इनको जोड़ देने से ६४ निकला और यही संख्या हुई।

दूसरे प्रकार के अनुसार तीन अक्षर की जाति के उद्दिष्टांक १, २, ४ के योगफल ७ में एक जोड़ दिया तो ८ संख्या निकल आई। इसी प्रकार ४ अक्षर के उद्दिष्टांक १, २, ४, ८ के योगफल १५ में १ जोड़ देने से १६ फल निकल आता है।

संख्या प्रत्यय के द्वारा ज्ञात होता है कि इतने वर्ण वाले कुल इतने छन्द होते हैं। संख्या और संख्यान का तात्पर्य एक ही है, इसको 'सूची' भी कहते हैं। पूर्ण संख्या को सूचित करने से इसे सूची कहा जाता है॥ ८॥

अध्वयोगविधि:—

संख्यैव द्विगुणैकोना सद्भिरध्वा प्रकीर्तितः।
वृत्तस्याङ्गुलिकी व्याप्तिरधः कुर्यात्तथाङ्गुलिम्॥ ९॥

सं० टी०—अथाध्वयोगमाचष्टे—संख्यैवेति। संख्या—समादिवृत्तानां तत्तज्जातिषु या पूर्वमुक्ता सा, द्विगुणा–द्विगुणीकृता, एकोना–एकेन ऊना हीना कृता। सैव संख्या, सद्भिः–प्रस्तारादिविधिज्ञैः अध्वा—वृत्तप्रस्तारव्याप्यः प्रदेशः प्रकीर्तितः–उक्तः। उक्तमर्थमुपपत्त्या साधयति—वृत्तस्येति। वृत्तस्य–वृत्तप्रस्तारस्य, व्याप्तिः–स्थापनप्रदेशः, आङ्गुलिकी–अङ्गुलिपरिमिता, अस्तीति शेषः। तथा अधः–वृत्ताधः, अङ्गुलिम्–अङ्गुलिमितं प्रदेशम्, कुर्यात् रिक्तमिति शेषः। अयमाशयः–गुरुलघवः प्रस्तारलेखनेऽङ्गुलायामाः कर्तव्या एव। तदधस्तात् चाङ्गुलिपरिमितं स्थानं द्वितीयपङ्क्तेः प्रागवश्यं त्यक्तव्यम्, येन स्पष्टता स्यात्। अतः प्रत्येकं पङ्क्तेरधस्ताद् रिक्तस्थानसत्त्वादुक्तप्रकारेण द्विगुणैकोनसंख्यापरिमितं स्थानं प्रस्तारलेखनायापेक्ष्यते। न च रिक्तं स्थानं व्यर्थमेवेत्याशङ्क्यम्, उद्दिष्टाङ्कलेखनाय तदुपयोगसत्त्वात्। एवं चाध्वयोगस्य निष्फलत्वं वदन्तो भ्रान्ता एवेति बोध्यम्। तदेतदग्रे हिन्दीटीकास्थकोष्ठकेन स्पष्टीभविष्यति॥ ९॥

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

हिं० टी०—छन्द की संख्या को दुगना करके एक घटा देने से जो शेष रहे, उसे छन्दःशास्त्रवेत्ताओं ने 'अध्वयोग' कहा है।

अध्वा का निष्कृष्टार्थ है वृत्त के प्रस्तार लिखने के योग्य स्थान। क्योंकि छन्द के प्रस्तार लिखते समय एक भेद के लिये एक चौथा स्थान चाहिये और एक अंगुल स्थान उसके नीचे या ऊपर उद्दिष्ट के अङ्क लिखने के लिये रिक्त छोड़ना आवश्यक है। इस प्रकार प्रत्येक भेद के लिये एक अंगुल स्थान उसके नीचे या ऊपर खाली रहेगा। अतः सम्पूर्ण भेदों की संख्या से दुगुना स्थान लगेगा। परन्तु प्रथम भेद सर्व गुरु होता है यह निश्चित है; अतः उसके लिये उद्दिष्टाङ्क लिखने की आवश्यकता नहीं। अतः दुगुने में एक स्थान कम लगेगा। यहाँ पर यह अवश्य कहा जा सकता है कि सर्व लघु अन्तिम भेद होता है यह जब निश्चित ही है फिर उसके लिये भी उद्दिष्टाङ्कों की आवश्यकता नहीं अतः एक स्थान और कम होना चाहिये। परन्तु ध्यान रहे कि सर्व लघु अन्तिम भेद है इतना ही ज्ञात हो सकता है? यह तो बिना उद्दिष्ट के अङ्कों के मालूम हो सकता है। अतः उसके लिये भी उद्दिष्टाङ्कों की आवश्यकता है। सर्व गुरु तो पहला भेद है यह सर्व विदित है। अस्तु तीन वर्णों के प्रस्तार का 'अध्वयोग' नीचे कोष्ठक के द्वारा समझाया जाता है। उसी के जैसे अन्य वर्णों का 'अध्वयोग' निकलेगा ॥ ९ ॥

तीन वर्णों के प्रस्तार का अध्वयोग।

१	। ऽ ऽ	प्रस्तारस्थानम्	८		रिक्त स्था०
२		रिक्तस्थानम्	९	ऽ ऽ ।	प्र० स्था०
३	। ऽ ऽ	प्र० स्था०	१०		रि० स्था०
४		रि० स्था०	११	। ऽ ।	प्र० स्था०
५	ऽ । ऽ	प्र० स्था०	१२		रि० स्था
६		रि० स्था०	१३	ऽ । ।	प्र० स्था०
७	। । ऽ	प्र० स्था०	१४		रि० स्था०
			१५	। । ।	प्र० स्था०

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

ग्रन्थोपसंहारः—

वंशेऽभूत्कश्यपस्य प्रकटगुणगणः शैवसिद्धान्तवेत्ता
विप्रः पव्येकनामा विमलतरमतिर्वेदतत्त्वार्थबोधे ।
केदारस्तस्य सूनुः शिवचरणयुगाराधनैकाग्रचित्त-
श्छन्दस्तेनाभिरामं प्रविरचितमिदं वृत्तरत्नाकराख्यम् ॥ १० ॥

इति श्रीकेदारभट्टविरचिते वृत्तरत्नाकरे षष्ठोऽध्यायः ॥ ६ ॥

समाप्तश्चायं वृत्तरत्नाकरः ।

सं० टी०—संप्रति निर्वृत्तप्रतिज्ञाभारी ग्रन्थकारः स्ववंशकीर्तनपूर्वकं ग्रन्थमुपसंहरति—वंशे इति । कश्यपस्य तदाख्यस्य महर्षेः, वंशे—अन्वये, गोत्रे, प्रकटगुणगणः—प्रकटः प्रख्यातः, गुणानां विद्वत्तादीनां गणः समूहो यस्य तादृशः, शैवसिद्धान्तवेत्ता—शिवो महादेवः पूज्येष्टदेवो येषां ते शैवाः, तेषां सिद्धान्तानां वेत्ता, ज्ञाता, शैवशास्त्ररहस्यवेत्तेत्यर्थः, अथवा—शैवाः—शिवदेवताकशास्त्रसम्बन्धिनो ये सिद्धान्ता इति व्याख्येयम् । वेदानाम् ऋगादीनां तत्त्वार्थस्य बोधे ज्ञाने, विमलतरमतिः—विमलतरा अकलुषिता, भ्रान्तिरहिता, अतिशयेन निर्मला मतिर्बुद्धिर्यस्य सः, पव्येकनामा, विप्रः—ब्राह्मणः, अभूत् । तस्य—पव्येकनाम्नो विप्रस्य, सूनुः पुत्रः, शिवचरणयुगस्याराधने एकाग्रम् एकतानम्, चित्तं यस्य सः, सततशिवाराधनरत—इत्यर्थः । केदारः—एतन्नामा, अस्तीति शेषः । तेन केदारेण इदम् अभिरामम् अभिरमयति आनन्दयति आकर्षति जनानां मनांसि इति अभिरामम्—रमणीयम्, संक्षेपेण लक्ष्यलक्षणयोरभिधानात् श्रोतृप्रवृत्तिजनकतया ग्रन्थान्तरेभ्योऽतिशयशालि, वृत्तरत्नाकर इत्याख्या संज्ञा यस्य तत्, छन्दः—छन्दःप्रतिपादको ग्रन्थः प्रविरचितम्—निर्मितम् । विरचिते प्रकृष्टता समाप्तिसंसूचनार्थेति बोध्यम् ॥ १० ॥

हिं० टी०—कश्यप महर्षि के वंश में—कश्यपगोत्र में—विख्यात गुणों वाला, शैवसिद्धान्त का ज्ञाता, वेदों के तत्त्वार्थ ज्ञान में निर्भ्रान्त बुद्धिवाला पव्येक नाम का ब्राह्मण हुआ । उसका लड़का केदार है जो सदा भगवान्

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

शङ्कर के चरणयुगल की एकाग्रचित्त से आराधना करता है। उसने इस 'वृत्तरत्नाकर' नामक छन्दोबोधक ग्रन्थ को बनाया है ॥ १० ॥

युगभक्तिद्रव्यचन्द्रप्रमिते तु विक्रमाब्दे।
वैशाखमासि शुक्ले पक्षे दिने बुधे च ॥
प्रतिपत्तिथौ शुभायां सुसमापिता समोदम्।
भाषानुवादसहिता खलु प्राज्ञतोषिणीयम् ॥
विदुषां हृदम्बुजानि प्रविकाशयत्वजस्रम्
सन्तोषमाप्नुयाच्च स्वान्तेषु छात्रसंघः।
परितोषमल्पमपि चेत् जनयेदियं कृतिर्मे
प्राज्ञप्रकाण्डहृत्सु सफलामिमां हि मंस्ये।

इति षष्ठोऽध्यायः।

इति गढ़वालमण्डलान्तर्गतश्रीनगरोपवर्ति खोला ग्रामवास्तव्येन
घिल्डियालोपाह्वश्रीमत्पण्डितजीवानन्दशर्म्मदैवज्ञरत्नतनुजनुषा
व्याकरणसाहित्याचार्यश्रीधरानन्दशास्त्रिणा प्रणीता
हिन्दीभाषान्विता प्राज्ञतोषिणीसमाख्या
वृत्तरत्नाकरव्याख्या समाप्ता।

इति शुभम्

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

छन्दोऽनुक्रमणिका

अ

१ अचलधृति मा० स०
२ अनंगक्रीडा ,, ,,
३ अपरान्तिका मा० अ० स० (वै)
४ अपरवक्त्र व० अ० स०
५ अपराजिता व० स० १४
६ अपवाह व० स० २६
७ अमृतधा·ा व० वि०
८ अश्वललित व० स० २३
९ असम्बाधा व० स० ६४

आ

१० आपीड व० वि०
११ आपातलिका मा० अ० स० (वै)
१२ आख्यानकी व० अ० स०
१३ आर्या मा० वि०
१४ आर्यागीति मा० अ० स०

इ

१५ इन्द्रवज्रा व० स० ११
१६ इन्द्रवंशा ,, ,, १२

उ

१७ उज्ज्वला व० स० १२
१८ उद्‌गता व० वि०
१९ उद्‌गीति मा० वि०
२० उद्धर्षिणी मा० स० १४
२१ उद्दामशंख व० स० दं०
२२ उदीच्यवृत्ति मा० अ० स० (वै)
२३ उपगीति ,, ,, ,,
२४ उपजाति व० स० ११
२५ उपस्थित ,, ,, ११. १३
२६ उपस्थितप्रचुपित व० वि०
२७ उपस्थिता व० स० १०
२८ उपचित्र व० अ० स०
२९ उपचित्रा मा० स०
३० उपेन्द्रवज्रा व० स० ११

ऋ

३१ ऋषभगजविलसितम् व० स० १६

ए

३२ एला व० स० १५

औ

३३ औपच्छन्दसिकम् मा० अ० स०

क

३४ कन्या व० स० ४
३५ कलिका व० वि०
३६ कुमारललिता व० वि० ७
३७ कामक्रीडा व० स० १५
३८ कुसुमविचित्रा व० स० १२

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

३९ कुसुमितलतावेल्लिता व० स० १८
४० केतुमती व० अ० स०
४१ कोकिलक व० स० १७
४२ क्रौञ्चपदा व० स० २५

ख

४३ खंजा मा० स०

च

४४ चण्डवृष्टिप्रपात व० स० दण्डक
४५ चन्द्रलेखा ,, ,, १५
४६ चन्द्रवर्त्म ,, ,, १२
४७ चन्द्रिका ,, ,, १३
४८ चम्पकमाला ,, ,, १०

(रुक्मवती)

४९ चपला आर्या
५० चपलावक्त्र
५१ चारुहासिनी मा० अ० स० (वै)
५२ चित्रा मा० स०
५३ चित्रपदा व० स० ८
५४ चित्रलेखा

ज

५५ जघनचपला आर्या
५६ जलधरमाला व० स० १२
५७ जलोद्धतगति व० स० १२

त

५८ तन्वी व० स० २४
५९ तनुमध्या व० स० ६
६० तविपुला वक्त्र
६१ तामरस व० स० १२
६२ तोटक व० स० १२
६३ त्वरितगति

द

६४ दक्षिणान्तिका मा० अ० स० (वै)
६५ दोधक व० स० ११
६६ द्रुतमध्या व० अ० स०
६७ द्रुतविलम्बित व० स० १२

न

६८ नवमालिका व० स० १२
६९ नविपुला वक्त्र
७० नारी व० स० ३
७१ नर्कुटक व० स० १७
७२ पंक्ति व० स० ५
७३ पञ्चचामर व० स० १६
७४ पणव ,, ,, १७
७५ पथ्या आर्या
७६ पथ्यावक्त्रा
७७ पदचतुरूर्ध्व व० वि०
७८ पादाकुलक मा० स०
७९ पुट व० स० १२
८० पुष्पिताग्रा व० अ० स०
८१ पृथ्वी व० स० १७
८२ प्रचितकसमभिध व० स० द०
८३ प्रभद्रक व० स० १५
८४ प्रभा ,, ,, १३
८५ प्रमाणिका वा० स० ८

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

८६ प्रमिताक्षरा „ „ १२
८७ प्रमुदितवदना „ „ „
८८ प्रवृत्तक मा० अ० स० (वै)
८९ प्रहरणकलिका वा० स० १४
९० प्रहर्षिणी „ „ १३
९१ प्राच्यवृत्ति मा० अ० स० (वै)
९२ प्रियम्वदा व० स० १२
९३ भद्रक „ „ „
९४ भद्रविराट् व० अ० स०
९५ भद्रिका व० स० ११
९६ भविपुला ५६
९७ भुजंगप्रयात व० स० १२
९८ भुजंगविजृम्भित „ „ २६
९९ भुजगशिशुसृता „ „ ९
१०० भुजंगसंगता
१०१ भ्रमरविलसित „ „ ११

म

१०२ मञ्जुभाषिणी व० स० १२
१०३ मणिगुणनिकर „ „ १५
१०४ मणिमाला „ „ १२
१०५ मत्तमयूर „ „ १३
१०६ मत्तमातंगलीलाकर व०स०८९
१०७ मत्ता „ „ १०
१०८ मत्ताक्रीडा „ „ २३
१०९ मदलेखा „ „ ७
११० मधु „ „ ७
१११ मन्दाक्रान्ता „ „ १७
११२ मनोरमा „ „ १०
११३ मयूरसारिणी „ „ १०
११४ माणवक „ „ ८
११५ मात्रासमक मा० स०
११६ मालती व० स० १२
११७ मालिनी व० स० १५
११८ मुखचपला आर्या
११९ मृगी व० स० ३
१२० मेघविस्फूर्जिता „ „ १९
१२१ मौक्तिकदाम „ „ १२
१२२ मौक्तिकमाला „ „ ११

य

१२३ यवमती व० अ० स०
१२४ युग्मविपुला वक्त्र

र

१२५ रथोद्धता व० स० ११
१२६ रविपुला वक्त्र
१२७ रुक्मवती व० स० १०
१२८ रुचिरा „ „ १३
१२९ रुचिरा मा० स०

ल

१३० लवली व० वि०
१३१ ललित „ „
१३२ ललिता व० स० १२

व

१३३ वर्धमान व० वि०
१३४ वसन्ततिलका व० स० १४

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

१३५ वसुमती व० स० ६
१३६ वाणिनी ,, ,, १६
१३७ वातोर्मी ,, ,, ११
१३८ वानवासिका मा० स०
१३९ वितान व० स० ८
१४० विद्युल्लेखा ,, ,, ६
१४५ विद्युन्माला ,, ,, ८
१४६ विपुला आर्या
१४७ विपरीतपथ्यावक्त्र
१४८ विपरीताख्यानकी व० अ० स०
१४९ विभावरी व० उ० १२
१५० विश्लोक मा० स०
१५१ वृत्त व० स० २०
१५२ वृत्ता ,, ,, ११
१५३ वेगवती व० अ० स०
१५४ वैतालीय मा० अ० स०
१५५ वैश्वदेवी व० स० १२
१५६ वंशपत्रपतितम् ,, ,, १७
१५७ वंशस्थवृत्तम् ,, ,, १२
१५८ वक्त्र

श

१५९ शशिकला व० स० १५
१६० शशिवदना ,, ,, ६
१६१ शार्दूलविक्रीडित ,, ,, ४९
१६२ शालिनी ,, ,, ११
१६३ शिखा मा० स०
१६४ शिखरिणी व० स० १७
१६५ शुद्धविराट् ,, ,,
१६६ शुद्धविराट्ऋषभ व० वि
१६७ श्येनिका व० स० ११
१६८ श्री ,, ,, १
१६९ श्री ,, ,, ११

स

१७० समानिका व० स० ८
१७१ सुमुखी ,, ,, ११
१७२ सुवदना ,, ,, २०
१७३ सौरभक व० वि०
१७४ स्त्री व० स० २
१७५ स्रक् ,, ,, १५
१७६ स्रग्धरा ,, ,, २१
१७७ स्रग्विणी ,, ,, १२
१७८ स्वागता ,, ,, ११

ह

१७९ हरिणप्लुता व० अ० स०
१८० हरिणी व० स० १७
१८१ हलमुखी ,, ,, ९
१८२ हंसगति
१८३ हंसरुत ,, ,, ८

क्ष

१८४ क्षमा व० स० १३

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

प्राज्ञप्रश्नोत्तरमाला ।

Paper IV 1928 (१९२८)

(विद्यार्थी नीचे लिखे सब प्रश्नों के उत्तर अपनी इच्छानुसार संस्कृत या हिन्दी में लिख सकते हैं, परन्तु लक्षण और प्रमाण संस्कृत में ही होने चाहिये ।)

VI प्र०—वृत्तरत्नाकरम्—इस शब्द का विग्रह और अर्थ क्या है ? इसका कर्ता कौन है और ग्रन्थ परिमाण कितना है ? इसमें कहे गये दो प्रकार के लौकिक छन्द आपस में किस तरह का भेद रखते हैं ? यह बताकर मगण आदिक गणों का तथा आर्यादि छन्दों में आने वाले पांच गणों का आकार लक्षण गुरु लघु रूप में लिखो । 10

VI उ०—वृत्तरत्नाकरम्—'वृत्तानि श्रीप्रभृतीनि छन्दांसि एव रत्नानि, तेषाम् आकरः समूहः यत्र तत् 'वृत्तरत्नाकरं' नाम छन्दःप्रतिपादनपरं पुस्तकम् ।' अर्थात् वृत्त श्रीप्रभृति छन्द रूपी रत्नों का समूह। वृत्तरत्नाकर पुस्तक में रत्नों के सामान उत्तमोत्तम वृत्तों का लक्ष्य-लक्षण पूर्वक निरूपण किया गया है, इसलिये इसका नाम 'वृत्त-रत्नाकर' रखा गया। इस ग्रन्थरत्न के कर्ता केदारभट्ट हुए हैं। ग्रन्थकर्ता ने इसको छः अध्यायों में समाप्त किया है। ग्रन्थ का सम्पूर्ण पाठ १३६ श्लोकों में पूर्ण हो पाया है जैसा कि उन्होंने ही कहा है—

'षडध्यायनिबद्धस्य छन्दसोऽस्य परिस्फुटम् ।
प्रमाणमपि विज्ञेयं षट्त्रिंशदधिकं शतम् ॥' (वृत्त० १।५)

लौकिक छन्द मात्रा और वर्ण भेद से दो प्रकार का होता है। जैसा कि कहा है—

'पिङ्गलादिभिराचार्यैर्यदुक्तं लौकिकं द्विधा ।
मात्रावर्णविभेदेन छन्दस्तदिह कथ्यते ॥' (वृत्त० १।४)

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

मगण आदि आठ गणों का स्वरूप इस प्रकार है—

मगण	यगण	रगण	सगण	तगण	जगण	भगण	नगण
ऽऽऽ	।ऽऽ	ऽ।ऽ	।।ऽ	ऽऽ।	।ऽ।	ऽ।।	।।।
सर्वगुरु	आदिलघु	मध्यगुरु	अन्तगुरु	अन्तलघु	मध्यगुरु	आदिगुरु	सर्वगुरु

छन्दोमञ्जरी में इन गणों का स्वरूप सरलता से बताया गया है—

मस्त्रिगुरुस्त्रिलघुश्च नकारो भादिगुरुः पुनरादिलघुर्यः।
जो गुरुमध्यगतो रलमध्यः सोऽन्तगुरुः कथितोऽन्तलघुस्तः॥

आर्यादि मात्रिक छन्दों में चतुर्मात्रिक पांच गण होते हैं। उनका स्वरूप इस प्रकार है—

सर्वगुरु	अन्तगुरु	मध्यगुरु	आदिगुरु	चतुर्लघु
ऽऽ	।।ऽ	।ऽ।	ऽ।।	।।।।

VII प्र०—निम्न-लिखित छन्द किस २ जाति में आते हैं यह दिखाकर उनके लक्षण संस्कृत में और लक्षणार्थ हिन्दी भाषा में संक्षेप से लिखो:— मुखचपला, औपच्छन्दसिकम्, पादाकुलकम्, रुचिरा, मधुमती, मत्ता, उपेन्द्रवज्रा, चन्द्रवर्त्म, भुजङ्गप्रयातम्, मत्तमयूरम्, शिखरिणी, स्रग्धरा, पुष्पिताग्रा।

VII उ०—**मुखचपला**—यह छन्द आर्या में आता है। लक्षण—

'आद्यं दलं समस्तं भजेत लक्ष्म चपलागतं यस्याः।
शेषे पूर्वजलक्ष्मा मुखचपला सोदिता मुनिना॥' (पृ० २६)

जिस आर्या का पूर्वार्द्ध चपला के सम्पूर्ण लक्षण से युक्त हो और उत्तरार्द्ध आर्या पथ्या व विपुला के सामान्य लक्षण से युक्त हो उसे मुखचपला कहते हैं।

औपच्छन्दसिक—यह छन्द वैतालीय प्रकरण का है। लक्षण—

'पर्यन्ते र्यौ तथैव शेषं त्वौपच्छन्दसिकं सुधीभिरुक्तम्। (पृ० ४०)

जिस वैतालीय के अन्त में—अर्थात् विषम चरणों में ६ मात्राओं के और सम चरणों में ८ मात्राओं के बाद रगण और यगण हों तो उसे छन्दशास्त्र के विद्वान् 'औपच्छन्दसिक' छन्द कहते हैं।

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

पादाकुलक—यह छन्द मात्रासमक प्रकरण का है। लक्षण—
'यदतीतकृतविविध०—' (पृ० ७०)

पूर्वोक्त मात्रासमकादि छन्दों के चरणों से जिस छन्द की रचना की गई हो, जिसके चारों चरण एक लक्षण से युक्त न हों तथा हों सोलह सोलह मात्रा के ही उस छन्द को पादाकुलक कहते हैं। जैसा कि इसी लक्षण वाक्य में—प्रथम पाद में मात्रासमक विश्लोक चित्रा का, द्वितीय में विश्लोक उपचित्रा का, तृतीय में मात्रासमक वानवासिका का, चतुर्थ में उपचित्रा विश्लोक का लक्षण मिश्रित पाया जाता है।

रुचिरा—यह छन्द तेरह अक्षरों वाली अतिजगती है। लक्षण—
'चतुर्ग्रहैरिह रुचिरा ज्भौ सरौ गः' (पृ० १२६ नोट १)

जिस पद्य के प्रतिचरण में क्रम से जगण, भगण, सगण और रगण हो तथा चार नौ पर यति हो तो उस छन्द का नाम रुचिरा होता है।

मधुमती—यह ७ अक्षरों वाले उष्णिक् में है। लक्षण-'मधु यदि ननगाः' (पृ० ८६ नोट १)

यदि प्रत्येक पाद में नगण, नगण तथा एक गुरु हो तो उसको 'मधु' या 'मधुमती' कहते हैं।

मत्ता—यह छन्द १० अक्षरों वाली पंक्ति में है। लक्षण—
'ज्ञेया मत्ता मभसगयुक्ता' (पृ० ६८)

जिस पद्य के प्रत्येक पाद में मगण, भगण, सगण और अन्त में गुरु हो तो उसे 'मत्ता' नामक छन्द कहते हैं। इस छन्द में चार और छः वर्णों पर यति होती है।

उपेन्द्रवज्रा—यह छन्द ११ अक्षरवाली त्रिष्टुप् जाति में है। लक्षण-
'उपेन्द्रवज्रा जतजास्ततो गौ' (पृ० १०१)

जिस पद्य के प्रत्येक पाद में जगण, तगण, जगण तथा दो

CC-0. Mumukshu Bhawan Varanasi Collection. Digitized by eGangotri

गुरु हों तो उसे 'उपेन्द्रवज्रा' छन्द कहते हैं। इसके पादान्त में यति होती है।

चन्द्रवर्त्म—यह छन्द १२ अक्षर वाली जगती जाति में है। लक्षण—
'चन्द्रवर्त्म गदितं तु रनभसैः' (पृ० ११३)

जिस पद्य के प्रत्येक चरण में रगण, नगण, भगण, सगण हो तो उस छन्द को 'चन्द्रवर्त्म' कहते हैं। इसके चार और आठ वर्णों पर यति होती है।

भुजङ्गप्रयात यह छन्द १२ अक्षर वाली जगती जाति में है।
लक्षण—'भुजङ्गप्रयातं भवेद्यैश्चतुर्भिः' (पृ० ११६)

